卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐जय बाबा की 卐卐श्याम बाबा卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐
उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये
केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 127 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शनिवार ♦11 फरवरी 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## स्कार्पियो बारात में घुसी, एक की मौत, 31 घायल

### गुस्साई भीड़ ने चालक को पीटा, वाहन में तोड़फोड़



हरिद्वार (उद संवाददाता)। बहादराबाद में देर रात एक बेकाबू स्कॉर्पियो ने बारातियों को टक्कर मारी दी। हादसे में एक की मौत हो गई है और 31 लोग घायल हो गए। घायलों में दो लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। हादसे के बाद गुस्साई भीड़ ने चालक को बुरी तरह पीट दिया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर हालात को नियंत्रण में लिया। जानकारी के अनुसार देर रात बहादराबाद धनौरी रोड पर स्थित सरदार फार्म हाउस में ग्राम बेलडा से आई बरात के स्वागत के समय एक अनियंत्रितत स्कॉर्पियो कार ने बरातियों को टक्कर मार दी। स्कॉर्पियो बहादराबाद से धनोरी की तरफ जा रही थी। घटना में एक बैंड वाला जिसका नाम सागर निवासी रायसी थाना लक्सर की मृत्यु हो गई। दुर्घटना में कुल 31 लोग घायल हुए हैं। घटना से गुस्साई भीड़ ने स्कॉर्पियो चालक से मारपीट कर उसके वाहन को क्षतिग्रस्त कर दिया। सूचना पर मौके पर सीओ ज्वालापुर निहारिका सेमवाल, थानाध्यक्ष नितेश शर्मा ने मय फोर्स पहुंचकर घायलों को निजी अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने मोके पर लगी भीड़ को हटाया व यातायात सामान्य कराया।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। उधर नजीबाबाद- बुआखाल राष्ट्रीय राजमार्ग पर कोटद्वार-नजीबाबाद के बीच जाफरा के समीप एक बस अनियंत्रित होकर सड़क से खड्ड में उतर गई। दुर्घटना में 12 यात्रियों को चोट आई है। कोटद्वार नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत मोहल्ला कौड़िया से एक युवक के विवाह की तिथि तय करने स्वजन व अन्य रिश्तेदार जनपद बिजनौर के अंतर्गत ग्राम मंडावर गए थे। देर रात वापस लौटने के दौरान जाफरा के समीप अचानक (शेष पृष्ठ सात पर)

## दुल्हा दुल्हन की कार की टक्कर से बाइक सवार मां बेटे की मौत, चार घायल

देहरादून(उद संवाददाता)।पटियाला से शादी के बाद देहरादून लौट रहे दूल्हा-दुल्हन की कार की टक्कर से बाइक सवार मां-बेटे की मौत हो गयी। जबकि चार लोग घायल हो गये। दुर्घटना का कारण कार चालक को झपकी आना माना जा रहा है। शुक्रवार दोपहर बाद देहरादून-दिल्ली राजमार्ग पर आशारोड़ी चेकपोस्ट के समीप कार व बाइक की आमने-सामने से टक्कर हो गई। जिसमें सहारनपुर उत्तर प्रदेश निवासी मां-बेटे की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना में कार सवार देहरादून निवासी दूल्हा, दुल्हन, चालक व पंडित भी घायल हुए हैं। दून अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने दूल्हा-दुल्हन व चालक को घर भेज दिया गया है, जबकि पंडित अभी भी अस्पताल में भर्ती है। दुर्घटना दिल्ली राजमार्ग पर देहरादून में उत्तराखंड-उत्तर प्रदेश की सीमा पर आशारोड़ी में हुई। पुलिस के मुताबिक दून के नेहरू कालोनी निवासी सिद्धार्थ नवानी की बारात गुरुवार (शेष पृष्ठ सात पर)

## शादी के मंडल में हार्ट अटैक से चिकित्सक दूल्हे की मौत

### शादी की खुशियां मातम में बदली

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। मैट्रिक्स अस्पताल में तैनात दंत रोग विशेषज्ञ 30 वर्षीय डॉ. समीर उपाध्याय की शादी के मंडप में हृदय गति रुकने से मौत हो गयी। इससे परिवार में कोहराम मच गया और पल भर में शादी की खुशियां मातम में बदल गयी। बताया जा रहा है कि नंदपुर कठघरिया निवासी डॉक्टर समीर उपाध्याय पुत्र नवीन उपाध्याय की बारात शुक्रवार को रानीखेत के श्रीधरगंज गई थी। दोपहर बाद फेरे की रस्म पूरी होते ही अचानक दूल्हा गिर पड़ा। यह देखकर वहां हड़कम्प मच गया। आनन फानन में डा. समीर को रानीखेत के ही एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। समीर की मौत से दोनों परिवारों में कोहराम मचा है। डॉक्टर समीर के पिता नवीन उपाध्याय ओमान से लौटे हैं पिता का पिछले एक साल से स्वास्थ खराब चल रहा है। वहीं डॉ. समीर परिवार में इकलौते पुत्र थे जबकि उनकी दो बहन हैं बड़ी बहन की शादी हो गई है और छोटी बहन डॉक्टर है। डॉक्टर समीर का शनिवार को गमगीन माहौल में रानीबाग चित्रशिला घाट में अंतिम संस्कार किया गया। बताया जा रहा है कि शनिवार को महिला संगीत और रिसेप्शन होना था इसकी तैयारियां पूरी कर ली गई थी घर में खुशी का माहौल था सभी लोग अपने स्तर पर इसकी तैयारिया भी कर रहे थे। लेकिन इस घटना के बाद शादी की खुशियां मातम में बदल गयी। युवा डॉक्टर के निधन पर हल्द्वानी डॉक्टर एसोसिएशन में शोक की लहर है।

## गेल के गैस गोदाम में भड़की आग



हरिद्वार (उद ब्यूरो)। हरिद्वार-ऋषिकेश राष्ट्रीय राजमार्ग पर पीएनजी के केंद्रीय भंडारण निगम के भंडार गृह में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपटों ने विकराल रूप धारण कर लिया। धमाकों की आवाज से आस पास के लोगों में दहशत फैल गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने घंटों की मशक्कत के बाद आग को काबू किया। रायवाला थाना पुलिस को रात करीब 11 बजे नेपाली फार्म के पास स्थित पीएनजी के केंद्रीय भंडारण गृह में भीषण आग लगने की सूचना मिली। सूचना पर थाना प्रभारी कुलदीप पंत पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस की सूचना पर ऋषिकेश से दमकल वाहन मौके पर पहुंचे। तक आग विकराल रूप धारण कर चुकी थी। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राजेंद्र खाती ने बताया कि देहरादून से दो वाटर टेंडर और एक फोम टेंडर आग बुझाने के लिए भेजे गए। घंटों की मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पा लिया गया। मौके पर दो गाड़ियां हरिद्वार, दो ऋषिकेश और एक रानीपोखरी से भेजी गई थी। बताया जाता रहा है एक पाइप में आग लगी थी इसके बाद आग फैल गई थी। आग से भंडार गृह में खड़ी एक जेसीबी भी जल गई। अभी आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

## सीएम से वार्ता के बाद बेरोजगार संगठन का आंदोलन समाप्त

देहरादून (उद संवाददाता)। बेरोजगार संघ की सभी मांगों पर गंभीरता से विचार करने के बाद राज्य सरकार ने सिंह (सेनि.) ने नकलरोधी कानून के अध्यादेश को मंजूरी के साथ ही शनिवार सुबह सीएम से वार्ता के बाद बेरोजगार धामी से मुलाकात कर वार्ता की। इस दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बताया कि बेरोजगार संगठन के के लिए प्रतिबद्ध है। देश का सबसे कड़ा नकघ्ल विरोधी कघनून उत्तराखंड राज्य में लागू हो गया है। कल होने वाली







पटवारी भर्ती पेपर लीक की एसआईटी जांच हाईकोर्ट के जज की निगरानी में कराए जाने और राज्यपाल ले.ज. गुरमीत संगठन का आंदोलन समाप्त हो गया है। शनिवार सुबह बेरोजगार संगठन के प्रतिनिधि मण्डल ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह प्रतिनिधिमंडल के साथ वार्ता हुई है। वार्ता सकारात्मक रही। हमारी सरकार निष्पक्ष, नकल विहीन और पारदर्शी परीक्षा कराने पटवारी/लेखपाल भर्ती परीक्षा को शांति पूर्ण,निष्पक्ष और नकल विहीन कराने के लिए समस्त तैयारियाँ (शेष पृष्ठ 7 पर)

## पूर्व तहसीलदार की पत्नी की सड़क हादसे में मौत

काशीपुर(उद संवाददाता)। आईटीआई थाना क्षेत्र में कैंटर की चपेट में आकर महिला की दर्दनाक मौत हो गई। मृतका पूर्व तहसीलदार की पत्नी बताई जा रही है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पीएम हाउस भेज दिया। घटना के बाद से मृतक परिवार में कोहराम मचा है। जानकारी के अनुसार पूर्व तहसीलदार मनोरथ सिंह लखचोरा अपनी पत्नी लीला जोशी, निवासी रम्पुरा, के साथ स्कूटी पर सवार होकर बाजपुर रोड स्थित केंद्रीय विद्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में जा रहे थे। जैसे ही वह आलू फार्म के निकट पहुँचे कि सामने से आ रही बस की वजह से अचानक स्कूटी अनियंत्रित हो गई । जिससे पीछे बैठी उनकीं पत्नी छिटक कर गिर पड़ी और एक आयशर के चपेट में आ गई और गम्भीर रूप से घायल हो गई। उन्हें तत्काल राजकीय चिकित्सालय ले जाया गया जहाँ उनकी हालत को गम्भीर देखते हुए उन्हें निजी चिकित्सालय में भेजा गया जहाँ उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। सूचना पर पहुँची पुलिस नें शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। उधर घटना के बाद से मृतक परिवार में कोहराम मचा है।

## साईबर ठगों ने पुलिस कर्मी की डीपी लगाकर परिचितों से ठगे अस्सी हजार



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। कोतवाली सितारगंज में तैनात हेड कॉन्स्टेबल की डीपी लगाकर साइबर ठगों ने करीब 80 हजार रुपये ठग लिए। हेड कॉन्स्टेबल की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। सितारगंज कोतवाली में तैनात हेड कॉन्स्टेबल नरेंद्र यादव ने तहरीर देकर बताया कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा मोबाइल संख्या-7534868933 व 8982196722 का प्रयोग कर व्हाट्सएप की डीपी में उसकी फोटो लगा ली। ठगों ने नरेन्द्र के मोबाइल को हैक कर परिचितों को मैसेज भेजा। मैसेज भेजकर रुपये की मांग की गई। जिस कारण जानने वाले कई लोगों ने लगभग 80000रुपये उस व्यक्ति के बताये अनुसार गुगल पे , फोन पे किए हैं। अज्ञात व्यक्ति द्वारा गुगल पे नम्बर- 9506280286 व 78284 59798 व खाता संख्या-5010059 607865 आईएफएससी कोड 0006030 अमित भारद्वाज मार्ग मालवीय नगर जयपुर में दोस्तों से रुपये डलवाये है। नरेन्द्र यादव की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इससे पहले भी एक सिपाही से व्हाट्स एप हैक कर रुपये मांगे गए थे।

## महिला कर्मी पोर्न वीडियो बनाकर शोरूम स्वामी को कर रही थी ब्लैकमेल,रपट दर्ज

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। शहर के प्रतिष्ठित व्यापारी को अपने शोरूम में काम करने वाली महिला कर्मी द्वारा शारीरिक संबंध बनाने के बाद पोर्न वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। शोरूम स्वामी की पत्नी ने महिला कर्मी पर पति को ब्लैकमेल कर लाखों रुपए हड़प लेने और धमकी देने का आरोप लगाते हुए रपट दर्ज करा दी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। यह मामला नगर में चर्चा का विषय बना हुआ है। बताया जाता है शोरूम के स्वामी को महिला कर्मी से दिल लगाव भारी पड़ गया। स्वामी और महिला कर्मी के बीच शारीरिक संबंध भी स्थापित हो गए। इस बीच महिला कर्मी ने शोरूम स्वामी को ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। बताया जाता है शोरूम स्वामी मानसिक रूप से परेशान हो गया कि वह पूर्व में आत्महत्या की भी कोशिश कर चुका है। व्यापारी की पत्नी ने महिला कर्मी के खिलाफ मुखानी थाने में मामला दर्ज कराया है। जिसमे कहा गया है कि महिला कर्मी ने उसके पति का पोर्न वीडियो बनाकर वायरल करने का डर दिखाकर ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। इससे तंग आकर उसके पति ने पूर्व में आत्महत्या करने का प्रयास किया था। महिला कर्मी उनके पति की शोरूम में कुछ समय पूर्व बतौर वर्कर कार्य करती थी। इस दौरान उसने उनके पति के साथ प्यार का झूठा नाटक कर शारीरिक संबंध बनाकर वीडियो बना लिया। इसके बाद से वह उसके पति को ब्लैकमेल करने लगी। पति से छह लाख रुपये वसूल लिए। इसके बाद भी वह लगातार ब्लैकमेल कर रही है उन्हें वीडियो वायरल (शेष पृष्ठ सात पर)

# पुनर्वास को शीघ्र चयन करें भूमि: तरुण कपूर

## पीएमओ ने जोशीमठ में राहत पैकेज के लिए उत्तराखंड शासन को प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिये

देहरादून। जोशीमठ के आपदाग्रस्त क्षेत्र में पुनर्निर्माण, उपचार व प्रभावितों के पुनर्वास के लिए तैयार होने वाले राहत पैकेज के लिए प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने हरी झंडी दे दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सलाहकार तरुण कपूर ने जोशीमठ को लेकर बुलाई गई बैठक में उत्तराखंड शासन को राहत पैकेज का प्रस्ताव तैयार करने को कहा। निर्देश दिए कि विज्ञानियों की जो भी संस्तुतियां हैं, उनके अनुसार तत्काल कदम उठाए जाएं। उन्होंने पुनर्वास समेत विभिन्न कार्यों के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने की कार्रवाई प्रारंभ करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने यह भी कहा कि जोशीमठ के लिए केंद्र सरकार हर संभव मदद राज्य को देगी। प्रधानमंत्री कार्यालय निरंतर ही जोशीमठ में चल रहे राहत व जांच कार्यों पर नजर रखे हुए हैं। साथ ही वह शासन से लगातार अपडेट ले रहा है। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री के सलाहकार तरुण कपूर ने शुक्रवार को बुलाई गई बैठक में केंद्रीय गृह मंत्रालय, एनडीएमए के अधिकारियों के अलावा उत्तराखंड के मुख्य सचिव डा एसएस संधु, आपदा प्रबंधन सचिव डा रंजीत कुमार सिन्हा, अपर सचिव आनंद श्रीवास्तव व सविन बंसल तथा चमोली के डीएम हिमांशु खुराना के साथ जोशीमठ को लेकर विमर्श किया। उत्तराखंड से सभी अधिकारी वर्चुअली इस बैठक से जुड़े। जोशीमठ में समस्या के कारणों की तह तक पहुंचने और इसके समाधान के उपायों को लेकर आठ संस्थानों के विज्ञानी जांच में जुटे हैं। इन संस्थानों की ओर से पिछले माह के आखिर में एनडीएमए को प्रारंभिक रिपोर्ट भेजी थी। इन रिपोर्ट के आधार पर एनडीएमए ने विभिन्न बिंदुओं को लेकर बैठक में प्रस्तुतीकरण दिया। इसमें समस्या के कारणों को लेकर अब तक सामने आए बिंदुओं के साथ ही समाधान की तरफ बढने से जुड़े विषयों पर ध्यान खींचा गया। यद्यपि, इन बिंदुओं को लेकर अभी कोई जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है। आपदा प्रबंधन सचिव डा रंजीत कुमार सिन्हा के अनुसार राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) विज्ञानियों की रिपोर्ट के आधार पर विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर रहा है। बैठक में जानकारी दी गई कि वह शीघ्र ही केंद्रीय गृह मंत्रालय से इसे अनुमोदित कराकर शासन को भेजेगा। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट मिलने के बाद ही इस बारे में कुछ कहा जा सकेगा। प्रधानमंत्री के सलाहकार ने बैठक में निर्देश दिए कि आपदा प्रभावितों के पुनर्वास के लिए शीघ्र ही भूमि चयन कर इससे संबंधित औपचारिकताएं पूर्ण कर ली जाएं। शासन ने प्रभावितों के पुनर्वास के लिए जोशीमठ के नजदीकी क्षेत्रों में चार स्थल चिह्नित किए हैं। जोशीमठ के पुनर्निर्माण, पुनर्वास से जुड़े विषयों को लेकर केंद्र को भेजे जाने वाले राहत पैकेज का प्रस्ताव इन दिनों शासन तैयार कर रहा है। राहत पैकेज के ढाई से तीन हजार करोड़ रुपये का रहने की संभावना है। चमोली जिले के अंतर्गत आपदाग्रस्त जोशीमठ में अलकनंदा नदी से हो रहे भूकटाव की स्थिति को एनडीएमए ने गंभीर माना है। इसकी रोकथाम के साथ ही विज्ञानियों की रिपोर्ट के आधार पर जोशीमठ में ड्रेनेज व सीवरेज सिस्टम को विकसित करने पर जोर दिया है। इसके लिए तेजी से कार्य करने की जरूरत भी बताई गई। सूत्रों के अनुसार प्रधानमंत्री के सलाहकार की ओर से बुलाई गई बैठक में एनडीएमए ने अपने प्रस्तुतीकरण में जोशीमठ में हो रहे भूकटाव का उल्लेख भी किया। कहा गया कि भूकटाव की रोकथाम के लिए तत्काल प्रभावी कदम उठाए जाने आवश्यक हैं। इस पर गंभीरता से ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए। जोशीमठ में जांच कार्य में जुटे विज्ञानियों ने वहां भूधसाव और भवनों में दारारें पडने के लिए पुख्ता ड्रेनेज व सीवरेज सिस्टम न होना भी एक कारण माना है। असल में जोशीमठ भूस्खलन के मलबे के ढेर पर बसा हुआ है। ऐसे में पानी की निकासी की पुख्ता व्यवस्था न होने के कारण यह भूमि में समा रहा है। सूत्रों के अनुसार बैठक में इस बात पर जोर दिया गया कि विज्ञानियों की रिपोर्ट के आधार पर इन दोनों विषयों को लेकर गहनता से कदम उठाने की आवश्यकता है।

## तीन श्रेणियों में होगा आपदा से प्रभावितों का पुनर्वास

देहरादून। चमोली जिले के अंतर्गत जोशीमठ के आपदा प्रभावितों के पुनर्वास के लिए क्षेत्र को उच्च, मध्यम व निम्न जोखिम के हिसाब से तीन श्रेणियों में विभक्त किया जाएगा। इसी आधार पर प्रभावितों के पुनर्वास की योजना आगे बढ़ाई जाएगी। प्रधानमंत्री के सलाहकार तरुण कपूर की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई बैठक में यह जानकारी दी गई। सूत्रों के अनुसार उत्तराखंड शासन ने इस संबंध में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) से विज्ञानियों की रिपोर्ट के आधार पर मैप उपलब्ध कराने का आग्रह किया है। जोशीमठ के आपदाग्रस्त घोषित क्षेत्र में अभी तक 868 ऐसे भवन चिह्नित किए गए हैं, जिनमें दरारें आई हैं। इनमें 181 भवन असुरक्षित घोषित गांधीनगर, सिंहधार, मनोहरबाग व सुनील वार्ड के अंतर्गत हैं। अभी तक 243 आपदा प्रभावित परिवारों को अस्थाई रूप से विस्थापित किया गया है, जबकि 53 परिवार अपने रिश्तेदारों के घर पर अथवा किराए के भवनों में रह रहे हैं। इसके साथ ही सरकार अब आपदा प्रभावितों के पुनर्वास पर ध्यान केंद्रित कर रही है। प्रधानमंत्री के सलाहकार तरुण कपूर की अध्यक्षता में हुई बैठक में जोशीमठ के आपदा प्रभावितों के पुनर्वास के संबंध में चर्चा हुई। सूत्रों के अनुसार इस अवसर पर बताया गया कि श्रेणीबद्ध कर प्रभावितों का पुनर्वास किया जाएगा। उच्च जोखिम श्रेणी में उन क्षेत्रों को रखा जाएगा, जहां 90 प्रतिशत से अधिक भवन रहने लायक नहीं रह गए हैं। यहां से सभी परिवार विस्थापित किए जाएंगे। इसके अलावा मध्यम श्रेणी में रखे जाने वाले क्षेत्रों में जो भवन गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं उनके परिवार विस्थापित होंगे। हल्की या मामूली दरार वाले भवनों के लिए रेट्रोफिटिंग का विकल्प होगा। निम्न श्रेणी में वे क्षेत्र रखे जाएंगे, जहां भवनों में मामूली दरारें हैं। इन भवनों की रेट्रोफिटिंग सरकार कराएगी या फिर भवन स्वामियों को इसके लिए धनराशि दी जाएगी।

# प्रदेश के 498 केंद्रों पर होगी लेखपाल भर्ती परीक्षा,नए पैनल से तैयार कराया गया है प्रश्नपत्र

### परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों को दो घंटे पहले पहुंचना होगा,फोटो भी खींचे जायेंगे

हरिद्वार। पिछले महीने आठ जनवरी को हुई लेखपाल भर्ती परीक्षा का पेपर लीक होने के बाद राज्य लोक सेवा आयोग की ओर से अब यह परीक्षा 12 फरवरी को आयोजित करायी जाएगी। परीक्षा के लिए उत्तराखंड में 498 केंद्र बनाए गए हैं। हरिद्वार जिले में 52 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। 563 पदों के लिए 158,210 अभ्यर्थी इन केंद्रों पर परीक्षा देंगे। महत्वपूर्ण यह कि धांधली में लिप्त 44 अभ्यर्थी भी दोबारा परीक्षा में शामिल होंगे। आयोग की ओर से जारी कारण बताओ नोटिस का 15 दिनों के भीतर संतोषजनक जवाब न देने पर इनके विरुद्ध नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई होगी। आठ जनवरी को लेखपाल भर्ती परीक्षा प्रदेश के 498 केंद्रों पर आयोजित की गयी थी। इन परीक्षाओं में 158210 पंजीकृत अभ्यर्थियों में 1,14,071 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी थी। परीक्षा का पेपर लीक होने के चलते राज्य लोक सेवा आयोग ने 12 जनवरी को परीक्षा रद करते हुए इसे दोबारा 12 फरवरी को आयोजित कराने का निर्णय लिया था। राज्य लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष गिरधारी सिंह रावत ने बताया कि धांधली में जिन 44 अभ्यर्थियों की संलिप्तता की बात सामने आयी है वह सभी परीक्षा में बैठेंगे। आयोग की ओर से ऐसे अभ्यर्थियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर अपना पक्ष रखने को 15 दिन का समय दिया गया है। नियत समय में संतोषजनक जवाब देने पर इनके विरुद्ध नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। जिसके तहत उनका परीक्षा परिणाम रोका जाएगा। साथ ही ऐसे अभ्यर्थियों की सूची राज्य लोक सेवा आयोग की वेबसाइट पर सार्वजनिक की जाएगी। गेट पर ही परीक्षार्थियों के फोटो भी खींचे जाएंगे। राज्य लोक सेवा आयोग के सचिव ने बताया कि परीक्षा दो घंटे और सौ अंकों की होगी। उन्होंने अभ्यर्थियों से भयमुक्त होकर परीक्षा देने की अपील की है। परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों को दो घंटे पहले पहुंचना होगा। मोबाइल फोन, घड़ी, कैलकुलेटर समेत किसी भी प्रकार का इलेक्ट्रानिक डिवाइस ले जाने पर प्रतिबंध है। प्रवेश से पहले गेट पर ही परीक्षार्थियों के फोटो भी खींचे जाएंगे। अन्य सुरक्षा जांच से भी गुजरना होगा। आठ जनवरी को हुई पटवारी भर्ती परीक्षा का पेपर लीक होने के बाद राज्य लोक सेवा आयोग परीक्षा की शुचिता आदि को लेकर गंभीर है। आयोग के सचिव गिरधारी सिंह रावत ने बताया कि पुराना प्रश्न पत्र नष्ट कराने के साथ ही नए पैनल से नवीन प्रश्न पत्र का निर्माण कराया गया है। आयोग की आंतरिक सुरक्षा भी कड़ी की गयी है।

# महिलाओं से अभद्रता पर महिला आयोग ने जतायी कड़ी नाराजगी

देहरादून। गांधी पार्क के गेट पर बेरोजगार युवाओं के साथ आंदोलन पर बैठी महिलाओं के साथ बुधवार देर रात पुलिस की अभद्रता के मामले पर उत्तराखंड राज्य महिला आयोग ने कड़ी नाराजगी जताई है। आयोग ने इस संबंध में पुलिस महानिदेशक को पत्र भेजकर जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। आयोग ने इस मामले का स्वत: संज्ञान लेकर जांच करने की भी बात कही है। उत्तराखंड राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल के अनुसार, उनके संज्ञान में आया है कि बुधवार रात गांधी पार्क में धरना दे रही महिलाओं को जबरन उठाने के लिए पुरुष पुलिसकर्मियों ने उनसे अभद्रता की। इस दौरान महिला पुलिसकर्मी साथ नहीं थीं। आयोग की अध्यक्ष ने कहा कि सूचना मिली है कि कुछ पुलिसकर्मी नशे की हालत में थे। उन्होंने महिलाओं के साथ अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया। महिलाओं ने जब इसका विरोध किया तो, पुलिस गलत तरीके से पेश आई। इस संबंध में इंटरनेट मीडिया पर कुछ वीडियो भी प्रसारित हो रहे हैं। अध्यक्ष कंडवाल ने कहा कि महिला अधिकारों की सुरक्षा करना आयोग का पहला कर्तव्य है। धरना स्थल को खाली कराने के लिए पुलिस ने प्रशासन से अनुमति ली थी या नहीं, इस विषय पर प्रशासन के अधिकारियों से भी जवाब-तलब किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आयोग अपने स्तर से भी इस मामले की जांच करेगा। शिकायत सही मिली तो जिम्मेदार पुलिसकर्मियों एवं संबंधित थाना, चौकी इंचार्ज पर कार्रवाई करने की संस्तुति की जाएगी।

# हाईकोर्ट के सिटिंग जज करेंगे लेखपाल पेपर लीक मामले की जांच

## उत्तराखंड बेरोजगार संघ के अध्यक्ष बाबी पंवार समेत 13 आरोपितों पर दर्ज मुकदमे से आइपीसी धारा-307 को हटाने का आदेश

देहरादून। भर्ती घोटालों पर युवाओं के उबाल को देखते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने लेखपाल भर्ती परीक्षा के पेपर लीक मामले की जांच हाईकोर्ट के सिटिंग जज से कराने का निर्णय लिया है। इसके अलावा सरकार ने इस प्रकरण में गिरफ्तार उत्तराखंड बेरोजगार संघ के अध्यक्ष बाबी पंवार समेत 13 आरोपितों पर दर्ज मुकदमे से जानलेवा हमले की आइपीसी धारा-307 हटाने का आदेश दिया है। शुक्रवार सुबह से रात तक इस मामले में कचहरी परिसर में डटे बेरोजगार युवाओं की मांगों को देखते हुए मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी सोनिका को मध्यस्थता के आदेश दिए। जिलाधिकारी ने रात करीब नौ बजे एसएसपी दलीप सिंह कुंवर, देहरादून बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों व प्रशासन के आला अधिकारियों की उपस्थिति में बेरोजगार युवाओं के प्रतिनिधिमंडल को वार्ता के लिए बुलाया। वार्ता के बाद जिलाधिकारी ने पथराव के मामले में दर्ज मुकदमे से धारा-307 हटाने के आदेश दिए। युवाओं को बताया कि शनिवार शाम तक गिरफ्तार युवा जमानत पर बाहर आ जाएंगे। इससे युवाओं का आक्रोश कुछ हद तक शांत हुआ। हालांकि, रविवार को होने जा रही लेखपाल भर्ती परीक्षा स्थगित करने से सरकार ने इंकार कर दिया। सरकार ने कहा कि परीक्षा के लिए पूरी तैयारी हो चुकी है और अब इसे स्थगित करना मुमकिन नहीं है। तमाम प्रयासों के बाद अधिकतर युवा मान गए और रात 10 बजे कचहरी परिसर खाली किया। हालांकि, 60 से 70 युवा अपनी मांगों को लेकर जिद पर अड़े रहे। भर्ती घोटालों के विरुद्ध बेरोजगार युवाओं ने बुधवार से दून के गांधी पार्क में आंदोलन शुरू किया था, लेकिन उसी रात पुलिस ने उन्हें जबरन उठा लिया। पुलिस पर बर्बरता का आरोप लगाते हुए गुरुवार सुबह हजारों की संख्या में युवा गांधी पार्क के बाहर एकत्रित हुए और राजपुर रोड जाम कर दी। करीब छह घंटे तक सड़क जाम रही। जब पुलिस ने सख्ती दिखाई तो युवा उग्र हो गए और पथराव कर दिया। इस पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया। इस घटनाक्रम में पुलिसकर्मियों समेत कई युवा भी घायल हुए थे। पुलिस ने इस मामले में उत्तराखंड बेरोजगार संघ के अध्यक्ष बाबी पंवार समेत 13 प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया था। इन सभी पर जानलेवा हमले की धारा भी लगाई गई, जिससे शुक्रवार को इनकी जमानत नहीं हो सकी। लाठीचार्ज से गुस्साए युवा पुलिस के तमाम सुरक्षा-बंदोबस्त के बावजूद शुक्रवार सुबह कचहरी परिसर स्थित शहीद स्मारक पर जुट गए और हंगामा किया। शासन से लेकर प्रशासन तक कई चरणों में युवाओं से वार्ता करता रहा, लेकिन वह नहीं माने। दोपहर में युवाओं के प्रतिनिधिमंडल के साथ अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने भी वार्ता की और सरकार की ओर से की जा रही कार्रवाई की जानकारी दी, लेकिन युवा नहीं माने और वापस कचहरी परिसर आकर धरने पर बैठ गए। जब तमाम प्रयास विफल हो गए तो देर रात मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी को मध्यस्थता की कमान सौंपी।





## देर रात डीएम ने की युवाओं के प्रतिनिधिमंडल के साथ वार्ता

देहरादून। जिलाधिकारी ने पुलिस-प्रशासन के आला अधिकारियों की मौजूदगी में युवाओं के प्रतिनिधिमंडल के साथ वार्ता की। इसमें लेखपाल भर्ती मामले की जांच हाईकोर्ट के सिटिंग जज से कराने व गिरफ्तार प्रदर्शनकारियों पर दर्ज धारा-307 हटाने के सरकार के निर्णय की जानकारी युवाओं को दी गई। इस पर सुबह से रात तक चला गतिरोध कुछ हद तक टूटा जरूर, लेकिन कुछ युवा लेखपाल भर्ती परीक्षा स्थगित करने की जिद पर अड़े रहे। पुलिस-प्रशासन देर रात तक उन्हें मनाने का प्रयास करता रहा। देर रात प्रदर्शनकारियों से वार्ता में जिलाधिकारी ने सरकार के कड़े निर्णयों की जानकारी दी। बताया कि भर्ती घोटालों को लेकर जांच निष्पक्ष दिशा में चल रही है। इन मामलों में सीबीआइ जांच की एक अपील हाई कोर्ट पहले ही अस्वीकार कर चुका है और सरकार की ओर से कराई जा रही जांच पर संतोष जताया है। सरकार नकल विरोधी अध्यादेश को स्वीकृति दे चुकी है। लेखपाल भर्ती परीक्षा पेपर लीक प्रकरण में राज्य लोक सेवा आयोग के परीक्षा नियंत्रक को भी हटा दिया गया है। जिलाधिकारी सोनिका ने कहा कि युवाओं की अधिकतर मांगें मान ली गई हैं, ऐसे में आंदोलन जारी रखने का कोई औचित्य नहीं रह जाता। उन्होंने युवाओं से आंदोलन खत्म करने की अपील की।

अरोरा डेन्टल केयर
Dental Facilities / सुविधायें
डेंटल इंप्लान्ट की सुविधा आसान किस्तों में उपलब्ध
• दांतों की नसों का इलाज / RCT
• फिक्स दांत लगाना / Crown, Bridge & Dental Implant
• नकली दांतो का जबड़ा लगाना / Complete Denture
• टेढ़े-मेढ़े दांतों को सीधा करना / Ortho Treatment
• दांतों के रंग की फिलिंग / Composite Filling
• सफाई द्वारा पायरिया का इलाज / Ultrasonic Scaling
डा. गगनदीप गुम्बर B.D.S.,PGDHA (Oral Implantologist) M.9837081085
डा. अमरप्रीत सिंह अरोरा B.D.S.,(Dental Surgeon) M.9997327642
(15 साल का अनुभव)
1. J.K. Tower, Near Navrang Sweets, Janta Inter Collage Road, Rudrapur
Opp.Prabal Enclave, Near ICON School, Sidcul-Bigwara Road, Rudrapur, U.S. Nagar

वाटर प्रूफिंग
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

# मटर और मक्का की फसलों का न्यूनतम मूल्य करे निर्धारित: विर्क

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। तराई किसान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष तजेन्दर सिंह विर्क ने मुख्यमंत्री को प्रेषित ज्ञापन में मटर सहित मक्का आदि फसलों का न्यूनतम मूल्य निर्धारित करने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि केन्द्र एव्र प्रदेश सरकारें निरंतर किसानों की आय बढ़ाने के लिए घोषणाएँ करती रही है। समय समय पर किसानों के लिए कल्याणकारी योजनाओं का भी गुणगान होता रहा है। डनहोंने कहा किराज्य के जनपद उधम सिंह नगर में 50 से अधिक फ्रोजन प्लांट लगे हैं। केन्द्रसरकार द्वारा 50 प्रतिशत से अधिक का अनुदान इन कारखानों को दिया गया है। सरकार द्वारा समय समय पर फसल चक्र यदि परम्परागत धान गेहूं गन्ना आदि फसलों से हटकर मक्का, मटर, दलहन एवं बागवानी आदि के लिए प्रोत्साहित किया जाता रहा है। इसी उद्देश्य को दृष्टिगत रखते हुए राज्य के जनपद उधम सिंह नगर में विशेष अनुदान देकर इस तरह के फ्रोजन प्लांटों को स्थापित किया गया जिससे कि किसानों को नई फसलों की ओर आकर्षित किया जाए। ज्ञापन में श्री विर्क ने कहा है कि विगत वर्षों में मक्का की खेती को राज्य सरकार द्वारा प्रोत्साहित किया गया परंतु न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद न होने के कारण मक्का की फसल 500 रुपया प्रति क्विंटल की दर पर खुले बाजार में बेचने के लिए किसान मजबूर हुआ। जिस पर प्रति एकड़ 20-25 हजार की क्षति हुई और किसानों ने मक्का से मुँह मोड़ लिया। इसी तरह जनपद उधम सिंह नगर मटर की खेती के लिए पूरे उत्तर भारत में प्रसिद्ध है। परंतु सरकार द्वारा अनुदान प्राप्त कर फैक्ट्री स्थापित करने वाले फैक्ट्री मालिकों द्वारा मुनाफा कमाने की नीयत से एक राय होकर मटर की खरीद पर एकाधिकार कर लिया है। जिसके संबंध में समय समय पर जिला प्रशासन को अवगत कराया गया। जिला प्रशासन ने समय समय पर प्रयास भी किए हैं परंतु फैक्ट्री मालिक की मनमानी के चलते किसान को मटर की फसल का उचित भाव नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा मटर का वर्तमान में अब भी 5 रुपया से 7 रूपये किलो भाव है। जबकि फैक्ट्री माल के द्वारा प्रोसेस कर बाजार में बेचे जाने वाले मटर का भाव 5000 रूपये प्रति कुन्तल है। फैक्ट्री मालिक की प्रति कुंतल लागत 2000 रुपये आ रही है। प्रति कुंतल 3000 रुपये मुनाफा कमा रहा है दूसरी ओर मटर किसान का प्रति कुन्तल 1200 रुपया लागत आ रहा है और वह है 700 रुपया प्रति कुन्तल मटर बेच रहा है यानी प्रति कुंतल पर 500 सौ रुपया किसान को घाटा हो रहा है। प्रति एकड़ किसान को लगभग 18- 20 हजार का मोटा घाटा हो रहा है और मटर फैक्ट्री मालिक मुनाफा कमा रहे हैं जिससे किसान आहत है। ज्ञापन मे विर्क ने सरकार से अनुरोध किया है कि यदि सरकार ने समय रहते इस विषय पर संज्ञान नहीं लिया तो भविष्य में किसान मक्का, सूरजमुखी की तरह मटर की खेती से भी मुँह मोड़ लेगा। सरकार को मटर का न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित कर मटर की खरीद सुनिश्चित करनी चाहिए एवं प्राथमिकता स्थानीय कृषकों को मिलनी चाहिए।

# उत्तराखंड युवा एकता मंच ने किया अनिश्चितकालीन धरने का ऐलान

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। उत्तराखंड युवा एकता मंच के आवाहन पर बुद्ध पार्क हल्द्वानी में दर्जनों छात्र छात्राओं ने एकत्रित होकर भर्ती घोटाले पर सीबीआई जांच की मांग को लेकर जमकर हल्ला बोला। इस दौरान युवा पक्ष-विपक्ष सब पर जमकर गरजे। इस दौरान युवाओं ने एक सुर में आवाज बुलंद करते हुए कहा कि जब तक आयोग भर्ती परीक्षाओं को कराने में सक्षम नहीं हो जाता,आयोग की पूर्ण रूप से जांच होकर आयोग की सफाई नहीं हो जाती तब तक कोई भी भर्ती परीक्षा आयोजित ना की जाए। सरकार जल्दबाजी में परीक्षाएं करा रही है और वह परीक्षाएं लीक होने के बाद बार-बार युवाओं को पेपर देकर मानसिक प्रताड़ना झेलनी पड़ रही है। ऐसे में युवाओं का भविष्य अधर में लटका हुआ है वहीं इस दौरान देहरादून में हुए युवाओं की गिरफ्तारी सहित मुकदमा को तत्काल रद्द कर सभी को तत्काल रिहा करने की मांग की गई। इस दौरान युवाओं में पुलिस की दमनात्मक कार्यवाही के खिलाफ भी बहुत भारी आक्रोश देखने को मिला व उत्तराखंड युवा एकता मंच के संयोजक पीयूष जोशी द्वारा सरकार को व प्रशासन को संविधान की मूल प्रति को पढ़ते हुए अनुच्छेद 19 बी का हवाला देते हुए कहा कि सबको बिना शस्त्र कहीं भी एकत्रित होने का अधिकार है। जो लाठियां देहरादून में छात्रों पर बरसी वो छात्रों पर नहीं संविधान की मूल आत्मा पर बरसी है। साथ ही उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा खुद ही भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने वालों के लिए विसलब्लोअर संरक्षण अधिनियम 2014 पारित किया गया है पर देहरादून में जो हुआ उल्टा विसलब्लोअर्स को सुरक्षा प्रदान करने की बजाय उन पर लाठियां भांजी गई। जो ना तो संवैधानिक रूप में सही था ना ही व्यवहारिक रूप में इसको लेकर मानवाधिकार आयोग, महिला आयोग व अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में भी अपील दायर की जाएगी व दोषी अधिकारियों पर भी कड़ी कार्यवाही की मांग की जाएगी साथ ही आंदोलन में अवांछित तत्वों द्वारा किए गए उपद्रव को भी चिन्हित करते हुए उन्हें भी दण्डित करने की मांग की है। इस दौरान आंदोलन के आगे की रणनीति पर चर्चा करते हुए उत्तराखंड युवा एकता मंच ने ऐलान किया कि अब जब तक कि भर्ती घोटाले की सीबीआई जांच नहीं हो जाती तब तक के लिए अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन का ऐलान किया। वही इस दौरान प्रशासन को चेतावनी हुए युवाओं ने यह भी स्पष्ट किया कि अगर धरना प्रदर्शन से प्रशासन नहीं मानेगा तो इसको अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन,क्रमिक अनशन व आमरण अनशन में बदला जाएगा। सरकार को उत्तराखंड युवा एकता मंच ने 10 दिनों का समय दिया है कि 10 दिनों के भीतर सीबीआई जांच शुरू करवाई जाए अन्यथा एक महा उग्र आंदोलन पूरे कुमाऊं वर्ष में देखने को मिलेगा इस दौरान विभिन्न संगठनों के लोग भी युवाओं को समर्थन देने पहुंचते नजर आए।

# धामी की सरकार देवभूमि को कश्मीर नहीं बनने देगी: प्रकाश

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रकाश रावत ने कहा कि अपने स्वार्थ के लिए कांग्रेसी अब आम जनता को भी



निशाना बना रहे है, छात्र आंदोलन को हाईजैक कर चुके कांग्रेस के नेता अब राज्य को अशांत करने का कार्य कर रहे हैं। पुष्कर सिंह धामी की सरकार देवभूमि उत्तराखण्ड को कश्मीर नहीं बनने देगी। आज का प्रदेश व्यापी बंद पूर्णतह असफल साबित हुआ क्योकि इस बंद के कॉल के पीछे कही न कही अघोषित रूप से कांग्रेस पार्टी थी जिसको की उत्तराखण्ड की देवतुल्य जनता अच्छी तरह से समझती है। भाजपा प्रवक्ता प्रकाश रावत ने नकल विरोधी कठोर कानून का स्वागत किया और कहा कि युवाओं को भ्रमित करने वालों के साथ ही पुलिस की भूमिका की भी जांच होगी। मुख्यमन्त्री पुष्कर सिह धामी द्वारा प्रतियोगी परीक्षाओं में भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम व निवारण के उपाय अध्यादेश का स्वागत करते हुए कहा कि हम हमेशा सही के साथ खड़े हैं किसी भी योग्य प्रतियोगी को न्याय मिलना ही चाहिए। उत्तराखण्ड देश का पहला राज्य बन गया है जहां नकल कराने का दोषी पाए जाने पर 10 करोड रूपये तक के जुर्माने एवं आजीवन कारावास का प्रावधान 2023 के अध्यादेश में किया गया है। रावत ने कल ही देहरादून में हुए लाठीचार्ज एवं पथराव की घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया। हम योग्य प्रतियोगियों के साथ सदैव खड़े हैं और यदि कोई षड्यंत्र किया गया है अथवा पुलिस, प्रशासन की ओर से कोई कोताही हुई है तो उसकी भी जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। हम प्रदेश के युवाओं से शांतिपूर्ण ढंग से अपनी बात रखने तथा वार्ता करने का अनुरोध करते है। कांग्रेस पार्टी युवाओं की ऊर्जा का दुरूपयोग कर अपने स्वार्थो की सिद्धि करना चाहती है जिसे हमारी सरकार सफल नहीं होने देगी।

# भर्ती घोटाले को लेकर युवा कांग्रेस ने दिया धरना

काशीपुर(उद संवाददाता)। भर्ती घोटाले को लेकर बर्बरता पूर्वक युवाओं पर किए गए लाठीचार्ज के मामले में आज एक बार फिर से युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने एमपी चौक पर हाथों में तख्ती लेकर सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की। ज्ञातव्य है कि अभी पिछले दिनों भर्ती घोटाले को लेकर आक्रोशित युवा देहरादून के गांधी पार्क में शांतिपूर्ण ढंग से प्रदर्शन कर रहे थे इसी दौरान आरोप है कि सरकार के इशारे पर पुलिस ने बर्बरता पूर्वक युवाओं पर लाठीचार्ज कर उन्हें वहां से खदेड़ दिया। इस मामले कि विपक्ष नहीं कड़े शब्दों में आलोचना करते हुए इसका विरोध जताया है। युवा कांग्रेस के प्रदेश नेतृत्व के



आह्वान पर शनिवार को पूरे प्रदेश में जगह जगह युवा कांग्रेस से जुड़े पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया है।प्रदर्शन के दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अरुण चौहान, हरीश कुमार सिंह संदीप सहगल एडवोकेट,, नौशाद उस्मानी, मंसूर अली मंसूरी, चेतन अरोरा व रवि ढींगरा आदि मौजूद रहे।

# कांग्रेस का रूद्रपुर में धरना 13 फरवरी को : हिमांशु गावा

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। राजधानी देहरादून में बेरोजगारों पर हुए लाठीचार्ज के विरोध एवं भर्ती घोटालों की सीबीआई जांच की मांग को लेकर नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य की अगुवाई में जिला मुख्यालय रूद्रपुर स्थित गांधी पार्क गांधीजी की मूर्ती के समक्ष 13 फरवरी को धरना दिया जायेगा। जिसमें जिसमें जिले सभी कांग्रेस विधायक, पूर्व विधायक एवं जिले भर से पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल होंगे। मीडिया को जारी बयान में कार्यकारी जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा ने कहा कि भाजपा शासन में लगातार पेपर लीक हो रहे हैं। भर्ती घोटाले के खिलाफ आवाज उठाने जा रहे बेरोजगार युवाओं पर लाठियां बरसाई जा रही है। सरकार युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। बेरोजगार युवाओं का कसूर केवल इतना था कि वह अपने भविष्य के लिए न्याय मांग रहे थे। उन बेकसूर युवाओं पर बर्बरता पूर्वक लाठियां चलाई गयी। सरकार का रवैया तानाशाहीपूर्ण है। जो युवा दिन रात मेहतन कर रहा है उसे भाजपा शासन में अपना भविष्य सुरक्षित नहीं दिख रहा। लाठी के बल पर सरकार युवाओं की आवाज नहीं दबा सकती। प्रदेश में लाखों युवा बेरोजगार हैं। लगातार हो रहे भर्ती घोटालों के कारण कई युवाओं का भविष्य चौपट हो गया है। कांग्रेस सरकार की इस तानाशाही को बर्दाश्त नहीं करेगी और युवाओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर इस लड़ाई को लड़ेगी। श्री गावा ने कहा कि युवाओं पर की गयी बर्बरता और भर्ती घोटालों की सीबीआई जांच की मांग को लेकर 13 फरवरी सोमवार को प्रातः 11 बजे गांधी पार्क में नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य की अगुवाई में जिला मुख्यालय रूद्रपुर में जोरदार धरना दिया जायेगा। जिसमें जिले भर से कांग्रेस, यूथ कांग्रेस, महिला कागेस सहित फंटल संगठनों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता पहुंचेंगे। श्री गावा ने कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धरना प्रदर्शन को सफल बनाने की अपील की है।

# तीरथ नगर स्थित विद्यालय के उच्चीकरण के लिए अजय भट्ट ने शिक्षा मंत्री को लिखा पत्र

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री व नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र से सांसद अजय भट्ट ने उच्च शिक्षा मंत्री को पत्र लिखते हुए उधम सिंह नगर के अंतर्गत तीरथ नगर भोगपुर डॉम में स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के उच्चीकरण किये जाने का अनुरोध किया है। श्री भट्ट ने शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत को पत्र लिखते हुए कहा कि तीरथ नगर भोगपुर में राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय है। जो कि पिछले 10 वर्षों से हाईस्कूल तक ही है जिसका उच्चीकरण आज तक नहीं हुआ, जिसमें क्षेत्र की बालक बालिका शिक्षा ग्रहण करते हैं। लेकिन उक्त विद्यालय के 12वीं तक नहीं होने के कारण यहां पढ़ने वाले छात्र छात्राओं को दसवीं के बाद 12वीं तक पढ़ाई के लिए 10 किलोमीटर की दूरी तय कर दूसरे स्कूल में जाना पड़ता है, जो कि चारों ओर जंगल से गिरे हुए हैं। जिसमें विशेषकर छात्राओं को भारी परेशानी होती है। इस क्षेत्र की बेटियां हाई स्कूल की पढ़ाई के बाद 10 किलोमीटर दूर पढ़ाई करने नहीं जा पाती, क्योंकि जंगली जानवरों का हर समय डर रहता है। तथा बेटियों को इतनी दूर माता-पिता नहीं भेजते हैं। जिस कारण इनकी दसवीं की बाद की पढ़ाई रुक जाती है। श्री भट्ट ने पत्र में लिखा है कि महिलाओं की खराब स्थिति को देखते हुए माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान की शुरुआत की गई थी। इस अभियान का उद्देश्य कन्याओं की सुरक्षा के साथ-साथ शिक्षा देने का उद्देश्य भी था, लिहाजा छात्राओं की सुरक्षा एवं शिक्षा के दृष्टिगत राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तीरथ नगर भोगपुर डॉम जसपुर जिला उधम सिंह नगर का उच्चीकरण किया जाना बेहद आवश्यक है ताकि वहां के बालक बालिकाएं उसी विद्यालय में ही 12वीं तक शिक्षा ग्रहण कर सकें।

ANANT GRAPHICS
Anant Graphics
We Deals In
All Kinds of Printing Solution...
Price | Time | Quality
Pamphlets | Business Cards | Posters Stickers | Letterheads | ID Cards | Perfect Binding | Catalogues
Cold Lamination | Brochures | Die-Cutting | Thermal Lamination | Labels | Eco Vinyl Printing
More information call us 98377 77818
Add:- Uttaranchal Darpan Campus, Shyam Talkies Road, 26 Kalyani View, Rudrapur
E-mail : anantgraphics.rdr@gmail.com

# ग्रामीण विज्ञान कांग्रेस ग्राम्य विकास की दिशा में एक अनूठा प्रयोग : सीएम

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में तीन दिवसीय 17वीं उत्तराखण्ड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी कांग्रेस-2023 के अन्तर्गत 'प्रथम ग्रामीण विज्ञान कांग्रेस' का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने वैज्ञानिकों को विज्ञान पुरोधा सम्मान से सम्मानित भी किया। शुक्रवार को यूकॉस्ट, परिसर, विज्ञान धाम, झाझरा में सीएम धामी ने तीन दिवसीय पहली ग्रामीण कांग्रेस का शुभारम्भ किया। इस दौरान सीएम ने कहा कि देहरादून में ग्रामीण विज्ञान कांग्रेस का यह देश का पहला आयोजन हो रहा है। एक भारत श्रेष्ठ भारत की संकल्पना को सार्थक करने और राज्य के समेकित विकास को गति प्रदान करने में यह आयोजन महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। देहरादून में देश की पहली ग्रामीण कांग्रेस का आयोजन हुआ। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर हाइड्रोपोनिक यूनिट, क्यू आर कोड आधारित जैव विविधता पार्क एवं प्राईड ऑफ उत्तराखण्ड एक्सपो प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इसके साथ ही इस अवसर पर ग्रामीण विज्ञान कांग्रेस, उत्तराखण्ड ग्राम्य विकास यात्रा एवं विज्ञान पर चर्चा पुस्तकों का विमोचन भी किया गया। सीएम धामी ने इस अवसर पर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वालों को वैज्ञानिकों को विज्ञान पुरोधा सम्मान से सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण विज्ञान कांग्रेस ग्राम्य विकास की दिशा में एक अनूठा प्रयोग है। इस आयोजन के माध्यम से ग्रामीण संस्कृति, कृषि, ग्रामीण पर्यटन और व्यंजन जैसे विभिन्न विषयों पर संवाद स्थापित किये जायेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार उत्तराखण्ड के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि ग्रामीण विज्ञान कांग्रेस 2025 तक सशक्त उत्तराखण्ड के निर्माण के लिए रौडमैप बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। इस अवसर पर वहां ग्राम्य विकास एवं कृषि मंत्री श्री गणेश जोशी भी मौजूद थे। जिन्होंने कहा कि राज्य सरकार कृषि एवं अनुसंधान के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रही है। पिछले दो सालों में राज्य में जैविक खेती के क्षेत्र में काफी कार्य हुए है। राज्य में 34 प्रतिशत जैविक उत्पादन हुआ है, जिसे 2025 तक 60 प्रतिशत करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि कृषि के साथ ही हॉर्टीकल्चर के क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए भी राज्य सरकार द्वारा अनेक प्रयास किये जा रहे हैं। एप्पल एवं कीवी मिशन को तेजी से बढ़ावा दिया जा रहा है। मोटे अनाजों को बढ़ावा देने के लिए भी राज्य सरकार द्वारा हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं। इस अवसर पर ग्राम्य विकास एवं कृषि मंत्री गणेश जोशी , पद्मभूषण, पर्यावरणविद् डॉ. अनिल प्रकाश जोशी, विधायक सहदेव सिंह पुंडीर , सचिव शैलेश बगोली, महानिदेशक यूकास्ट प्रो. दुर्गेश पंत आदि उपस्थित रहे।







## सुल्तानपुर पट्टी में बजट पर चर्चा कार्यक्रम आयोजित

सुल्तानपुर पट्टी (उद संवाददाता)। केंद्र सरकार द्वारा जारी अमृतकाल के बजट पर भारतीय जनता पार्टी, जिला काशीपुर की महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष उमा जोशी के संयोजन में बजट पर चर्चा कार्यक्रम विधानसभा बाजपुर के सुल्तानपुर पट्टी में आयोजित किया गया। जिसमे मुख्य वक्ता श्रीमती उषा चौधरी मेयर नगर निगम, काशीपुर द्वारा बजट के सभी बिंदुओं को विस्तृत रूप से जनता को बताया गया। उमा जोशी ने बजट को आम जनमानस का बजट बताया। साथ ही स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के लिए कच्चे माल की आपूर्ति, ब्रांडिंग, उत्पादों के विपरण आदि प्रदान करके महिलाओं को आर्थिक सशक्तिकरण के अगले चरण तक पहुँचाने में सक्षम बनाया है। इस मौके पर भाजपा वरिष्ठ नेता राजेश कुमार, मण्डल अध्यक्ष राजेश सैनी,महिला मोर्चा अध्यक्ष राधा मौर्या, रितु, किरण, गीता, कुन्ता, सरताज आलम, जोनी मौर्या आदि लोग उपस्थित थे।



## डीएम ने की प्रधानमंत्री स्वनिधि से समृद्धि योजना की समीक्षा

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी युगल किशोर पन्त की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री स्वनिधि से समृद्धि योजना की प्रथम बैठक जिला कार्यालय सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना से लाभांवित (ऐंसे वेण्डर्स जिन्होंने 10 हजार रूपए का ऋण प्राप्त कर लिया हो) को स्वनिधि से समृद्धि योजना के अन्तर्गत वेण्डर्स एवं उनके परिवारों की सामाजिक-आर्थिक रूपरेखा तैयार करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि रूपरेखा तैयार करने पश्चात योजनान्तर्गत चिन्हित 8 जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभांवित कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना से लाभांवित व्यक्तियों के बच्चों की शिक्षा सम्बन्धी जानकारी जुटाने तथा कोई भी बच्चा शिक्षा ग्रहण करने से वंचित पाये जाने पर उसका तत्काल एडमिशन कराने के निर्देश मुख्य शिक्षा अधिकारी को दिये। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वेण्डर का बेटा वेण्डर न रहे। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि सभी की प्रोफाइलिंग शुद्ध एवं सटीक हो और योजनावार अन्तर निकाले। उन्होंने सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी पात्रों का योजनाओं का लाभ दिलाया जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा ने बताया कि प्रधानमंत्री स्वनिधि से समृद्धि योजना के अन्तर्गत जनपद के काशीपुर तथा रूद्रपुर नगर निगम के साथ ही नगर पालिका परिषद किच्छा को शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना, पीएम सुरक्षा बीमा योजना, पीएम जनधन योजना के लिए लीड बैंक अधिकारी को तथा निर्माण कार्य करने वाले श्रमिकों के पंजीकरण हेतु एवं पीएम श्रमयोगी मानधन योजना के लिए सहायक श्रम आयुक्त को नोडल अधिकारी बनाया गया है। उन्होंने बताया कि वन नेशन वन राशन कार्ड हेतु जिला पूर्ति अधिकारी को, जननी सुरक्षा योजना हेतु मुख्य चिकित्साधिकारी को तथा पीएम मातृ वन्दना योजना हेतु जिला कार्यक्रम अधिकारी को नोडल अधिकारी बनाया गया है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, मुख्य शिक्षा अधिकारी आरसी आर्य, जिला पूर्ति अधिकारी तेजबल सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरूद्ध, एसीएमओ डॉ.तपन शर्मा, एएलडीएम पंजक, श्रम प्रवर्तन अधिकारी अनिल पुरोहित, एसएनए दीपक गोस्वामी आदि उपस्थित थे।



## ईनामी ठग सहित दो वारंटी गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पुलिस ने महिला से लाखो रुपए के जेवरात ठगने वाली ईनामी अभियुक्त सहित दो वारंटियों को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार इकरार धोबी पुत्र वुन्दु धौबी निवासी गुलाबनगर थाना किला जिला बरेली द्वारा वर्ष 2021 में एक महिला से ठगी कर उनके सोने के जेवरात ले लिये थे। घटना की रपट दर्ज कराई गई थी। अभियुक्त लम्बे समय से फरार चल रहा था। उस पर 20 हजार रुपए का ईनाम घोषित किया गया था। जिसे गठित पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस टीम में हरेन्द्र चौधरी प्रभारी निरीक्षक कोतवाली, उनि जगदीप सिहं नेगी चौकी प्रभारी मंगल पड़ाव, हे.कानि. ललित श्रीवास्तव, कानि. सुरेन्द्र सिंह तथा अनिल गिरी शामिल थे। वही बनभूलपुरा थाना पुलिस ने लंबे समय से फरार दो वारंटियो को गिरफ्तार कर लिया।थानाध्यक्ष बनभूलपुरा नीरज भाकुनी के नेतृत्व में उनि संजीत राठौड़,का. रिजवान अली व दिलशाद अहमद द्वारा दबिश देकर विगत लंबे समय से फरार दो वारण्टियों आदित्य उर्फ छोटू पुत्र राकेश सोनकर, राज सोनकर पुत्र रजना सोनकर निवासीगण गाँधीनगर वार्ड 27 थाना बनभूलपुरा को गिरफ्तार कर लिया गया।



## पशु पालन संबंधी योजनाओं की दी जानकारी

गदरपुर(उद संवाददाता)।प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी के लिए पशु चिकित्सालय पहुंचकर प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा नरेश हुड़िया ने डॉ. रवि शंकर झा से मुलाकात की। उन्होंने बताया प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जाने वाली योजनाओं का लाभ हर वर्ग को मिल रहा है। इस दौरान डॉ.झा ने बताया,बकरी पालन,गो पालन ,पशु टीकाकरण,कड़कनाथ योजना, टीकाकरण आदि का लाभ हर वर्ग को दिया जा रहा है जिसमें अनुसूचित जाति ,जनजाति एवं सामान्य लोगों को लाभ देने का प्रावधान है। उन्होंने कहा राज्य सरकार मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं पशुपालन कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा के दिशा निर्देश में चलाई जाने वाली पशुपालन संबंधी योजनाएं जमीनी स्तर तक चलाई जा रही है जिसका सभी लोगों को लाभ प्राप्त हो रहा है स इस मौके पर डॉ. प्रताप राम आर्य,राजेश कुमार,हेमंत कुमार, महेंद्र पाल सिंह,गुरजीत सिंह आदि मौजूद रहे।



# प्रबुद्ध जन सम्मेलन में गिनाई सरकार की उपलब्धियां

### बाल रोग विशेषज्ञ डॉ रवि सहोता सपत्नीक हुए सम्मानित





काशीपुर(उद संवाददाता)। चैती रोड स्थित ब्लॉक के सभागार में भाजपा द्वारा बजट पर चर्चा एवं प्रबुद्ध जन सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व प्रदेश मंत्री गजराज सिंह बिष्ट की मौजूदगी दर्ज रही। कार्यक्रम के दौरान बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर रवी सहोता व उनकी पत्नी नवप्रीत कौर सहोता को चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।अपने उद्बोधन में प्रदेश मंत्री गजराज सिंह बिष्ट ने कहा कि बजट 2023 जो भारतीय जनता पार्टी की वित्त मंत्री निर्मला सीता रमन द्वारा सदन में पेश किया गया वह सभी वर्गो के हित का ध्यान रखते हुए बनाया गया है । भारतीय जनता पार्टी द्वारा अत्यन्त गरीब व्यक्ति को फायदा पहुँचाने का प्रयास है । इस कार्यक्रम में बजट 2023 के सभी फायदों के बारे में बताया गया। इसी तरह शहर के जाने-माने चिकित्सक बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर रवि सहोता ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में कहा कि रोग मुक्त जीवन हमारे जीवन का एक मूलभूत पहलू है। जब हम अस्वस्थ होते हैं तो डॉक्टर जैसे विशेषज्ञ से चिकित्सा सलाह के लिए जाते हैं इसी तरह देश हित में काम करने के लिए हमें अनुभवी लोगों के मार्गदर्शन की आवश्यकता होती है। राज्य में चिकित्सा सेवाओं की उन्होंने मुक्त कंठ से प्रशंसा की। डॉ सहोता ने कहा कि भाजपा सरकार जिस तरीके से स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए अनेकानेक प्रयास कर रही है वह किसी उपलब्धि से कम नहीं है। प्रबुद्ध जन सम्मेलन के दौरान डॉ रवि सहोता द्वारा कोविड काल में किए गए निस्वार्थ जन सेवा के लिए उन्हें सराहा गया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा, पी०सी०यू० चौयरमेन राम मेहरोत्रा, भाजपा नेता दीपक बाली, बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर रवी सहोता, डॉक्टर नवप्रीत कौर सहोता, डॉ पुनीत बंसल, कमलेश कुमार, विनीत चौधरी, बलकार सिंह, राजेन्द्र सैनी, सुधा शर्मा, कमल चौहान, अमित नारंग, अमित सिंह, रजत सिद्ध अभिषेक गोयल, बृजेश पाल, राजदीपिका मधुर, निशा चौहान, रवि प्रजापति, आकाश काम्बोज, नवीन अरोरा, फारूख अहमद, प्रशान्त पंडित, कल्पना राणा, कमल हुण्डा, अर्जुन सिंह, अजय कुमार, हर्ष रत्नाकर, कुन्दन सिंह सैनी, रेखा सक्सैना, ऊषा शर्मा, हिमाशु अरोरा सचिन गोयल दीपक शर्मा बलराम तोमर सुरेन्द्र सिंह जीना समस्त पार्षदगण एवं जिला मीडिया प्रभारी हितेन्द्र भटनागर आदि मौजूद रहे।



# शिवरात्रि के पावन पर्व पर भोले बाबा का कीर्तन

दिनांक: 16 फरवरी 2023 सांय 3 बजे, दिनांक 17 फरवरी 2023 प्रात: 10 बजे से

स्थान–नेक्सा ट्रूवेल्यू, काशीपुर रोड
ग्रीन पार्क गेट के सामने, रुद्रपुर

भंडारा और कांवरियों की सेवा में निरंतर रहेगा। कांवरियों के ठहरने की उत्तम व्यवस्था रहेगी।

आयोजक–श्री शिव सेवा संस्थान
एवं सांध्य दैनिक उत्तरांचल दर्पण


# पौधे उगाओ पौधे लगाओ का दिया संदेश

## राजकीय माध्यमिक विद्यालय जगदीशपुर में स्कूल नर्सरी योजना का शुभारंभ

गदरपुर(उद संवाददाता)।ग्राम जगदीशपुर स्थित राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मे पर्यावरण, वन और जलवायु मंत्रालय भारत सरकार द्वारा क्रियान्वित कक्षा 8 एवं 9 तक के छात्रों के लिए स्कूल नर्सरी योजना का शुभारंभ किया गया। जिसके अंतर्गत चयनित विद्यालय में 100 वर्ग मीटर भूमि में 1000 पौधों की नर्सरी तैयार करना है, जिसमें हर्बलमेडिसिन, सागसब्जी ,सजावटी तथा अन्य पेड़ पौधे के बीज को रोपित करने के साथ पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए पौध ों को लगाया जाना और उनकी संभाल करना है। इस योजना से छात्र छात्राओं को प्रकृति और ग्लोबल वार्मिंग का ज्ञान, पेड़ पौधों का महत्व और उनको लगाने की प्रक्रिया सीखना तथा पर्यावरण के विभिन्न पहलुओं को जानना आदि शामिल है , इससे छात्र छात्राओं को लॉग बुक तैयार कर बीज से लेकर पौधे बनने तक पूरी प्रक्रिया का अवलोकन,कार्य , प्रकृति के महत्व को समझना है स स्कूल नर्सरी योजना में वन विभाग टांडा रेंज रुद्रपुर महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए नर्सरी स्थापित करने से लेकर पौधे उगाने तक की प्रक्रिया में छात्र–छात्राओं और स्कूल प्रशासन का भरपूर सहयोग कर रहा है स्कूल नर्सरी योजना का शुभारंभ मुख्य अतिथि भास्करानंद पांडे खंड शिक्षाधिकारी गदरपुर एवं विशिष्ट अतिथि रूपनारायण गौतम रेंजर टांडा रेंज वन विभाग द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर शुभारंभ किया गया स मुख्य अतिथि भास्करानंद पांडे ने कहा कि स्कूल नर्सरी योजना में छात्र छात्राओं को प्राकृतिक परिस्थिति तंत्र को समझने के लिए एक वातावरण तैयार करना है योजना की तारीफ करते हुए स्कूल प्रशासन और वन विभाग की संयुक्त कार्यशैली की सराहना करते हुए हुए बच्चों को शुभकामनाएं प्रदान की। विशिष्ट अतिथि रूपनारायण गौतम ने स्कूल नर्सरी योजना पर प्रकाश डालते हुए नर्सरी की संपूर्ण प्रक्रिया से छात्र छात्राओं को अवगत कराया । विशिष्ट अतिथि असीमानंद गार्डनिंग एक्सपर्ट आदर्श जूनियर हाई स्कूल चंडीपुर ने छात्र छात्राओं को बीज से लेकर पौधों तक रखरखाव तथा परीक्षण की बारीकियों से अवगत कराया। विशिष्ट अतिथि समर सरकार पूर्व ग्राम प्रधान जगदीशपुर ,सत्य सेवक मंडल पूर्व पंचायत सदस्य ग्राम जगदीशपुर द्वारा पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी तंत्र संबंध ी अपने अनुभव सुना कर छात्र छात्राओं को लाभान्वित किया स विशिष्ट अतिथि दान सिंह रौतेला, रितेश डिप्टी रेंजर ,सुरेंद्र सिंह वन दरोगा टांडा रेंज ,हरविंदर कौर ग्राम प्रधान विजयनगर ,भास्कर मंडल पंचायत सदस्य ग्राम जगदीशपुर, सुभाष भक्त किसान समाजसेवी, मंगल ढाली एवं वीरेंद्र मंडल पूर्व बीडीसी ग्राम जगदीशपुर ,रविंद्र मंडल डायरेक्टर मंडी समिति, विजय शंकर सीआरपी जगदीशपुर द्वारा एकमत होकर विभिन्न जानकारियां उपलब्ध कराते हुए कहा गया कि स्कूल नर्सरी योजना का उद्देश्य भविष्य के लिए पेड़ लगाने और वातावरण को स्वच्छ और हरा भरा रखने के लिए है। कार्यक्रम का संचालन राजेंद्र सिंह सहायक अध्यापक द्वारा किया गया धर्मवीर सिंह कार्यक्रम के नोडल अधिकारी रहे प्रधानाचार्य एसके त्रिपाठी द्वारा बच्चों को बताया गया कि शिक्षण कार्य के साथ–साथ पर्यावरण संरक्षण हेतु पेड़ पौधों की देखभाल और विकास की कला सीखने का यही अवसर है उन्होंने सभी आगंतुकों का विद्यालय परिवार की ओर से आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान हिमांशु जोशी, जय प्रकाश, शोभा रानी,मंजू जोशी, राजकुमार जोशी, सत्य प्रकाश यादव एवं होरीलाल के अलावा स्कूली बच्चे मौजूद रहे।





# 11 कन्याओं का हुआ सरल सामूहिक विवाह

सितारगंज(उद संवाददाता)। शुक्रवार को श्री शिव काँवर सेवा समिति मौनी बाबा मन्दिर द्वारा 11 कन्याओं का शुभ सामूहिक विवाह शुक्रवार को कराया। सामूहिक विवाह के उपलक्ष्य में 8 फरवरी दिन बुधवार को एक अखण्ड रामायण का पाठ का आयोजन किया। सामूहिक विवाह के दूल्हों की बारात मौनी बाबा मन्दिर से श्री दुर्गा ज्योतिपीठ होते हुये शहर में घूमने के बाद श्री रामलीला मैदान पहुँची। इस दौरान वर वधु को अनेक सामाजिक संगठनों द्वारा उपहार एवं आशीर्वाद दिया। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, कैबिनेट मंत्री प्रतिनिधि उमाशंकर दुबे, चेयरमैन हरीश दुबे, सभासद रवि रस्तोगी, शिव कुमार मित्तल, पूर्व चेयरमैन राकेश गुप्ता, भगवान सिंह भंडारी, उमराव सिंह मनराल, सौरभ सिंघल, सतीश उपाध्याय, राजेश मित्तल, नित्यानंद जोशी, हरीश भट्ट, पंडित दिगंबर सती, श्रीपाल सिंह राणा, संजय गोयल, वीरेंद्र सिंह बिष्ट, नरेश ओबरॉय, शिवपाल सिंह चौहान, दीपक गुप्ता, प्रिंस गुप्ता, आनन्द सिंह वोरा, विनय गुप्ता, मुकेश श्रीवास्तव, नितिन चौहान, प्रकाश सिंह, मनोज कुमार शर्मा, विजय सक्सेना, अनिल नारंग, सचिन श्रीवास्तव, सोनू गुप्ता आदि मौजूद रहे।



# व्यावसायिक वाहनों में नहीं मिले डस्टबिन तो होगी चालानी कार्रवाई

रूद्रपुर। रुद्रपुर का वातावरण स्वच्छ रखने के लिए परिवहन विभाग लगातार प्रयासरत है। इसी के मद्देनजर परिवहन विभाग ने रुद्रपुर में चलने वाले सभी व्यावसायिक वाहनों में डस्टबिन रखने का आदेश दिया है। ताकि गंदगी के अम्बार से सड़के सुरक्षित रहे। वही वाहनों में डस्टबिन न मिलने पर वाहन स्वामी का चालान किया जाएगा। व्यावसायिक परमिट लेने से पहले हर नए वाहन में डस्टबिन और व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस लगाना अनिवार्य होगा। सभी छोटे व्यवसायिक वाहनों में एक डस्टबिन और डस्टबैग लगाना अनिवार्य है। जबकि बस और बड़े वाहनों में परिवहन विभाग ने दो डस्टबिन रखने के आदेश दिए हैं। एआरटीओ प्रवर्तन बिपिन कुमार ने बताया कि इसके लिए सभी व्यावसायिक वाहन चालकों को 10 दिन का समय दिया गया है। जिस व्यावसायिक वाहन में 20 फरवरी के बाद डस्टबिन और वीएलटीडी नहीं मिलेगा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

उत्तरांचल दर्पण
सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# विदेश की नागरिकता

इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि हमारे देश के कई हिस्सों और तबकों में विदेश जाकर नौकरी या कारोबार करना और फिर वहीं बस जाना प्रतिष्ठा की बात मानी जाती है। यह भी ठीक है कि नौकरी के सिलसिले में विदेश गए लाखों भारतीय यहां भारी मात्रा में विदेशी मुद्रा भेजते हैं, जिससे सरकार का खजाना भरता है। यह किसी भी देश के लिए अच्छी बात नहीं मानी जाती कि उसके नागरिक दूसरे देशों की नागरिकता लेने को विवश हों। विदेश मंत्री ने संसद में लिखित जवाब देते हुए बताया कि पिछले बारह सालों में कुल सोलह लाख तिरसठ हजार चार सौ चालीस लोग भारतीय नागरिकता छोड़ कर दूसरे देशों में जा बसे हैं। इन सालों में हर साल एक लाख से अधिक लोगों ने देश छोड़ा। सबसे अधिक पिछले साल-सवा दो लाख से अधिक लोग भारत की नागरिकता छोड़ कर दूसरे देशों में बस गए। इन लोगों ने कारोबार या नौकरी के लिए अपने देश की नागरिकता छोड़ दी। हमारे देश में चूंकि दोहरी नागरिकता का प्रावधान नहीं है, इसलिए जो लोग दूसरे देशों में बस जाते हैं, उनकी नागरिकता स्वत: समाप्त हो जाती है। मगर तथ्य यह भी है कि दूसरे देशों की नागरिकता लेना भी इतना आसान नहीं है कि जो चाहे, वही उन देशों में जाकर बस जाए। भारत छोड़ने वालों से सबसे अधिक लोगों ने अमेरिका की नागरिकता ली है। वहां की नागरिकता हासिल करने के लिए लाखों भारतीय जद्दोजहद कर रहे हैं, नौकरी चली जाने के बाद उन्हें वापस आने के अलावा कोई और रास्ता नहीं बचता। जाहिर है, ऐसे लाखों लोग मजबूरी में भारत के नागरिक बने हुए हैं। हकीकत यह है कि हमारे देश से बहुत सारे विद्यार्थी पढ़ाई करने के लिए दूसरे देशों का रुख करते हैं। फिर वहीं वे कोई नौकरी करके बस जाते हैं। इसी तरह बहुत सारे लोग कारोबार के सिलसिले में दूसरे देशों की नागरिकता ले लेते हैं। तथ्य तो यह भी है कि बहुत सारे ऐसे कारोबारियों ने दूसरे देशों की नागरिकता ले ली, जिनका भारत में जमा-जमाया कारोबार था। कुछ समय से यह चिंता भी जताई जा रही है कि कारोबारियों के इस तरह पलायन से देश की अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि हमारे देश के कई हिस्सों और तबकों में विदेश जाकर नौकरी या कारोबार करना और फिर वहीं बस जाना प्रतिष्ठा की बात मानी जाती है। यह भी ठीक है कि नौकरी के सिलसिले में विदेश गए लाखों भारतीय यहां भारी मात्रा में विदेशी मुद्रा भेजते हैं, जिससे सरकार का खजाना भरता है। मगर यह प्रश्न अनुत्तरित है कि आखिर लोगों के सामने ऐसी स्थिति ही क्यों आती है कि उन्हें अपने देश की नागरिकता छोड़ कर पराई जमीन पर जा बसना ज्यादा सुरक्षित जान पड़ता है। दरअसल,शिक्षा और रोजगार के माकूल अवसर उपलब्ध न होने के कारण लाखों विद्यार्थी हर साल देश छोड़ने पर मजबूर होते हैं। आंकड़े गवाह हैं कि भारतीय संस्थानों से जितने विद्यार्थी हर साल तकनीकी शिक्षा प्राप्त कर बाहर निकलते हैं, उनमें से बमुश्किल एक तिहाई को सम्मानजनक नौकरी मिल पाती है। वेतन आदि के मामले में भी यहां नौकरीशुदा लोगों की स्थिति असंतोषजनक ही है। ऐसे में विदेश पढ़ने गए विद्यार्थी यहां वापस लौटना ही नहीं चाहते। यही हाल कारोबारियों का है। सरकार कारोबार के लिए चाहे जितनी अनुकूल स्थितियां बनाने का प्रयास करती हो, मगर हकीकत यही है कि निवेश और आय का अनुपात सदा अनिश्चित बना रहता है। कारोबार के लिए सुरक्षित वातावरण होता, तो वे अपना देश छोड़ कर कभी न जाते। इसलिए इस तरह अपने देश के संसाधनों का उपयोग कर कौशल अर्जित करने के बाद लोगों का दूसरे देशों में जाकर बसना सरकार के लिए इस दिशा में नए सिरे से सोचने की जरूरत रेखांकित करता है।

# बैंकों और वित्तीय संस्थानों का कर्जदारों व जमाकर्ताओं से भेदभाव

देश में समय समय पर महंगाई की समीक्षा करने के बाद भारतीय रिजर्व बैंक नये रेपो रेट जारी करता रहता है और तदनुसार लोन व जमा राशि की नयी दरों का निर्धारण होता है। दुर्भाग्य है लोन के रेट बढ़ने से अगले ही दिन खाताधारों को संदेश आ जाता है और नयी दर लागू कर दी जाती है ।यह प्रक्रिया जमा धारकों पर बिल्कुल लागू नहीं होती ।जमाधारक इस नयी दरों से हमेशा अनभिज्ञ



रहते हैं । उनका पैसा लंबे समय तक बिना किसी बढ़ोत्तरी के बैंकों में बहुत कम ब्याज दर पर ही पड़ा रहता है। विगत एक साल में ब्याज दरों में भारी-भरकम बढ़ोत्तरी की गयी जिससे लोन धारकों को समय से किस्त जमा करने में बहुत कठिनाई हो रही है जिसके चलते बैक पूर्व निर्धारित समय पर किस्त न आने के कारण पैनल ब्याज लेना शुरू कर देते हैं और वसूली की प्रक्रिया तक में परहेज नहीं करते। सभी की जानकारी के लिए यह बताना जरूरी है कि विगत एक वर्ष में बैंको ने इस प्रक्रिया के चलते भारी मुनाफा कमाया। हमारे एन आर आई जमाधारकों को भी समयानुसार जानकारी न हो पाने से निवेश का फायदा नहीं हो पाता जो तर्कसंगत नहीं है। सरकार व बैंको की जिम्मेदारी बनती है कि जमाधारक जब भी अपनी जमाराशि का भुगतान व नवीनीकरण करायें तब उन्हें अमुक समय पर लागू ब्याज दर दी जाय। अगर वित्तीय संस्थाओं का यही रवैया रहा तब उन्हें निकट भविष्य में बचत जमा संग्रहण कराने में बहुत कठिनाई हो सकती है जो हमारी अर्थव्यवस्था के लिये चिता की बात है ।

**-मनमोहन सिंह, पूर्व बैंक प्रबंधक,रुद्रपुर।**

# जीआईसी सलौंज पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम

अल्मोड़ा। अल्मोड़ा जिले के सोमेश्वर तहसील के अंतर्गत जीआईसी सलौंज में बृहस्पतिवार को पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम ने 127 बच्चों की आरटीपीसीआर जांच को सैंपल लिए। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक शुक्रवार को जांच रिपोर्ट आने के बाद कोरोना की स्थिति स्पष्ट होगी। टीम ने 127 बच्चों की आरटीपीसीआर जांच के सैंपल लिए। स्वास्थ्य कर्मियों ने सैंपल अल्मोड़ा स्थित बेस अस्पताल भेजे गए हैं, जहां उनकी जांच होगी। वहीं कोरोना संक्रमित मिले सभी बच्चों के स्वास्थ्य में अब पहले से सुधार है। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने धौलछीना के प्राथमिक स्कूल कूनखेत (प्राचीन) पहुंचकर बच्चों, अभिभावकों व शिक्षकों की एंटीजन जांच की। हालाँकि, सभी की रिपोर्ट नगेटिव आई। पिछले कुछ दिनों से प्राथमिक स्कूल कूनखेत में अध्ययनरत सभी बच्चे और शिक्षक वॉयरल की चपेट में आ गए थे। सोमेश्वर प्राथमिक स्कूल पच्चीसी में भी वायरल बुखार का प्रकोप बना हुआ है। यहां पढ़ने वाले 97 बच्चों में से 50 प्रतिशत से अधिक बच्चे बुखार, सर्दी, जुकाम से पीड़ित हैं।

# सांसारिक मेले में आपस में रहें मिलकर: हरि चैतन्यपुरी

गढीनेगी (उद संवाददाता)। श्री हरि कृपा पीठाधीश्वर श्री श्री 1008 स्वामी श्री हरि चैतन्य पुरी जी महाराज ने आज यहाँ श्री हरि कृपा धाम आश्रम में उपस्थित विशाल भक्त समुदाय को



संबोधित करते हुए कहा कि परिवार, नगर,राष्ट्र व समाज में सब आपस में मिलकर एक हो जाएं संसार एक मेला है तथा मेले का अर्थ है मिलाप। मेले में जाकर तो आनंद आता है लेकिन यदि मेलों में ठीक से चलना ना आया, बोलना ना आया, व्यवहार करना ना आया तो मेला झमेला बनते भी देर नहीं लगती। उन्होंने कहा संसार रूपी मेले में भी अधिकांश लोगों के जीवन में आज वो आनंद , उत्साह व उमंग दिखाई नहीं देती है।जीना भी एक कला है। उन्होंने कहा कि इस संसार मेले में हम मिले तथा मिल कर एक हो जाएं । मिलना हो तो मिलकर एक हो जाएं गंगा व यमुना की भांति गंगा भी पवित्र तथा यमुना भी पवित्र तथा जब दो पवित्र आत्माऐ आपस में मिलकर एक होती हैं तो उनका जीवन पहले से भी कहीं अधिक पवित्र व महान हो जाता है। जैसा कि गंगा व यमुना के मिलने पर तीर्थराज प्रयाग को महान गरिमामय स्थान प्राप्त होता है ।अपने दिव्य प्रवचनों में उन्होंने चार प्रयागराजों का वर्णन किया। पहला स्थावर प्रयागराज जो इलाहाबाद मे है दूसरा सत्संग रूपी तीर्थराज जहां राम भक्ति रूपी गंगा ब्रहम का विचार व प्रचार रूपी सरस्वती विधि निषेघात्मक बोध रुपी सूर्य तनया यमुना बहती है। जिसमें स्नान का तुरंत फल दिखाई देता है तीसरा भक्त रूपी तीर्थराज प्रयाग तथा चौथा प्रभु के चरणार बिन्द रुपी प्रयागराज का विस्तार से वर्णन किया।उन्होंने कहा कि या तो गंगा व यमुना की भाँति मिलकर के एक हो जाओ अन्यथा राम व भरत, भक्त व भगवान की भाँति आपस में मिलकर एक हो जाओ। उन्होंने “तन्मयता तद्ररुपता प्रदान करती है”। सिद्धांत का भी विस्तार से वर्णन किया। अपने दिव्य व ओजस्वी प्रवचनों में उन्होंने कहा कि घ्यान की एकाग्रता के लिए एक ईष्ट का चुनना बहुत आवश्यक है अंतर में अपने ईष्ट का ध्यान करते हुए बाहर सभी का सम्मान, पूजा व ध्यान कर सकते हैं यदि ना कर पाए तो कम से कम किसी का निरादर ना करें। ईष्ट को सर्वोपरि माने तथा उसके प्रति निरंतर प्यार बढ़ाते रहें जीवो पर करुणा व दया बरसाए। पूर्णरूपेण अहिंसा व्रत का पालन करें बर्हिमुखता त्याग कर अनर्तमुख होंगे तो भक्ति पथ पर आगे बढ़ते हुए परमात्मा का साक्षात्कार कर सकेंगे ।अभ्यास के द्वारा मन की चंचलता को रोको मन परमात्मा की अमानत है इसे परमात्मा में ही लगाएं। विषय, भोग ,संसार सांसारिकता भोग विलासो मे लगाने पर अन्तत दुखी होना पड़ता है ।छोटी-छोटी बातों से आपसी प्रेम व सद्भाव को समाप्त ना करें श्रद्धा व विश्वास से ही अंत करण में स्थित परमात्मा को देख सकते हैं।अपने धारा प्रवाह प्रवचनों से उन्होंने सभी भक्तों को मंत्र मुग्ध व भाव विभोर कर दिया। सारा वातावरण भक्ति मय में हो उठा। श्री गुरु महाराज कामां के कन्हैया व लाठी वाले भैय्या की जय जयकार से गूँज उठा।श्री हरि कृपा धाम आश्रम गढीनेगी में महाशिवरात्रि महोत्सव एवं चार दिवसीय विराट धर्म सम्मेलन का आयोजन परम पूज्य स्वामी श्री हरि चौतन्य पुरी जी महाराज के पावन सानिध्य में 15 से 18 फरवरी तक किया गया है । जिसमें 15 से 17 फरवरी तक रोज सायं 4 से 6 बजे तक दिव्य प्रवचन होंगे तथा 18 फरवरी को प्रात: 8 बजे श्री हरेश्वर महादेव का महाभिषेक होगा।10 बजे से 1 बजे तक श्री महाराज जी के दिव्य प्रवचन होंगे तथा 1 बजे से विशाल भण्डारे का आयोजन होगा। जिसमें सभी धर्म प्रेमी जनता को आमंत्रित किया गया है।

# कांग्रेस ने फूंका प्रदेश सरकार का पुतला

बागेश्वर(उद संवाददाता)। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी ने देहरादून में आंदोलित युवाओं के साथ हुए लाठीचार्ज की कठोर शब्दों में निंदा की है। कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार के खिलाफ हल्ला बोल अभियान चलाया,शुक्रवार को वह एसबीआइ तिराहे पर एकत्र हुए। यहां नारेबाजी के साथ प्रदेश सरकार का पुतला फूंका।पार्टी के जिलाध्यक्ष भगवत डसीला के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने शुक्रवार को प्रदेश सरकार के विरुद्ध नारेबाजी की। यहां हुई सभा में उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने युवाओं का शोषण किया है।युवा रोजगार के लिए कठिन मेहनत कर सरकारी नौकरी की चाहत रख रहे है पर सरकार के संरक्षण में मिलीभगत के साथ युवाओं के भविष्य को अंधकारमय बनाया जा रहा है, उत्तराखंड राज्य भर्ती घोटाला का केंद्र बन गया है। बेरोजगारों को नौकरी के बजाए लाठी से पीटा जा रहा है।पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण ने कहा कि कांग्रेस युवाओं के साथ है।सरकार भृस्टाचार के साथ दमनकारी हो गई है, प्रदेश में भृस्टाचारियो का बोलबाला हो गया है, सुशासन का दिखावा कर सरकार पर्दे के पीछे अपने चहेतों को भृस्टाचार में खुली छूट दे रही है, सरकार द्वारा भृस्टाचारियो को खुला संरक्षण दे रही है,प्रदेश में सरकार के नुमाइंदे ईमानदार प्रशासन चलाने का झूठा दावा कर रहे है, लोगों को विकास के नाम पर महंगाई का उपहार दिया जा रहा है,जनता के पैसों से महंगाई के दौर में भृस्टाचार, और हिटलर शाही से खनन और शराब माफियाओं को मनमानी करने की खुली छूट दी गई है, मेहनत कर सरकारी नौकरी की चाहत रखने वालों को भर्ती परीक्षा के पेपर बेचकर अपने चहेतों को नौकरी दिलाई जा रही है, वही वेरोजगार नौकरी नही मिल पाने से मानसिक उत्पीड़न का शिकार हो रहे हैं, युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों के विरुद्ध विरोध जारी रहेगा, सरकार की दमनकारी नीतियों को विरोध करेंगे। युवाओं पर डंडा चलाने वालों को भी समय आने पर सबक सीखाएंगे। विरोध और आंदोलन करना प्रत्येक भारतवासी का हक है। लोकतंत्र को खत्म किया जा रहा है। ऐसी सरकार को उखाड़ फेंकने का समय आ गया है। इस मौके पर पूर्व जिपंअ हरीश ऐठानी, राजेंद्र टंगड़िया, गोपा धपोला, गीता रावल, देवेंद्र परिहार, लक्ष्मी धर्मशक्तू, रमेश गोस्वामी, ललित बिष्ट, सुनील भंडारी, गोकुल परिहार, भीम कुमार, पवन परिहार आदि उपस्थित थे।





# अब तक हो चुकी सभी भर्ती परीक्षाओं की भी हो जांच

बागेश्वर(उद संवाददाता)। प्रदेश में भर्ती परीक्षाओं में परीक्षा पत्र लीक होने से देवभूमि शर्मसार हुई है, प्रदेश में सरकार के प्रति युवाओं में आक्रोश है,प्रदेश में युवाओं में भर्ती परीक्षाओं की सीबीआई जांच के नाम पर आंदोलित युवाओं पर लाठीचार्ज होने से प्रदेश भर में जगह जगह भारी रोष है, प्रदेश में युवाओ ने प्रदेश सरकार पर भृस्टाचारियो को संरक्षण देने के आरोप लगाते हुए भर्ती घोटाले की सीबीआई जांच की मांग की,वही प्रदेश के मुखिया पर भर्ती घोटालों के आरोपियों को खुला संरक्षण देने का आरोप लगाया। भर्ती परीक्षाओं में मिल रही लगातार अनियमितताओं पर बागेश्वर के बेरोजगार युवाओं ने कड़ी आपत्ति जताई है। नाराज युवाओं ने नगर में रैली निकाली और प्रदर्शन किया। इसके बाद अपर जिलाधिकारी के मामध्यम से सरकार को ज्ञापन भेजा। इसमें अब तक हो चुकी सभी परीक्षाओं की सीबीआई जांच करने की मांग की है। जांच तक सभी परीक्षाएं स्थगित रखी जाएं। युवाओं ने पुलिस भर्ती में भी घोटाले की आशंका जताई है। चेतावनी दी कि यदि ऐसा नहीं किया गया तो युवा उग्र आंदोलन करेगा। इसकी सारी जिम्मेदारी प्रदेश सरकार की होगी। इस मौके पर भुवन जोशी, महेश बसेड़ा, लोकेश पांडे, हेमा कांडपाल, अरविंद, सोनू कुमार, पंकज कुमार, अरविंद सिंह आदि मौजूद रहे। **गरुड़।** अपनी मांगों को लेकर देहरादून में आंदोलन कर रहे बेरोजगारों पर लाठीचार्ज करने की घटना से क्षेत्र के बेरोजगारों में तीव्र आक्रोश व्याप्त है। बेरोजगारों ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए शीघ्र दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। इस संबंध में बेरोजगारों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा है। मुख्यमंत्री को भेजे ज्ञापन में बेरोजगारों ने कहा है कि प्रदेश में हो रहे भर्ती घोटालों ने यहां के युवाओं की कमर तोड़ दी है। बेरोजगार शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन कर रहे हैं, लेकिन सरकार युवाओं को रोजगार देने की बजाय उन पर लाठियां भांज रही है। उन्होंने कहा कि यहां के बेरोजगारों ने भाजपा सरकार पर भरोसा जताते हुए पूर्ण बहुमत से दोबारा सत्ता सौंपी, लेकिन सरकार रोजगार देने में अब तक नाकाम साबित हुई है। इस दौरान दीप तिवारी, हिमांशु उपाध्याय, सुरेश जोशी, धन सिंह गढ़िया, राजेंद्र पाठक, रमेश बड़सीला, नरेश कुमार, दीपक कुमार, नरेंद्र जोशी,गणेश कांडपाल, ज्योति गोस्वामी, दिया रावत, कविता जोशी, बबीता आर्या आदि मौजूद थे। **कपकोट।** सरकारी नौकरी में हो रही धांधली और युवाओं पर लाठीचार्ज के विरोध में युवाओं ने भराड़ी से पुल बाजार से लेकर कपकोट ब्लॉक तक आक्रोश रैली निकाली। सरकार को युवा विरोधी बताते हुए इस्तीफा देने की मांग की गई। इस अवसर पर कमलेश गड़िया, छात्रसंघ अध्यक्ष रजनी कुंवर, महासचिव भारत कोरंगा, राजा ऐठानी, दीपा, रश्मि, पुष्पा आदि मौजूद रहे।

# लाठीचार्ज के विरोध में प्रदर्शन करते 200 कांग्रेसी हिरासत में लिए

देहरादून। भर्ती परीक्षाओं की सीबीआई जांच समेत विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलन के दौरान लाठीचार्ज के विरोध में शुक्रवार को प्रदेशभर में बेरोजगारों और कांग्रेस, यूकेडी, आप व विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ताओं ने सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन किया। हालांकि बेरोजगार महासंघ की प्रदेश बंद की अपील बेअसर ही रही।। राजधानी देहरादून व हरिद्वार के अलावा गढ़वाल और कुमाऊं मंडल के कई जिलों में युवक-युवतियों और विपक्षी दलों के कार्यकर्ताओं ने जोरदार नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। बृहस्पतिवार की घटना से क्षुब्ध बेरोजगारों ने शुक्रवार को देहरादून में जिला कलेक्ट्रेट स्थित शहीद स्थल पहुंचकर धरना दिया। वे गिरफ्तार किए गए बेरोजगार महासंघ के अध्यक्ष बॉबी पंवार समेत सभी 13 युवाओं की रिहाई की मांग भी कर रहे थे। देर शाम करीब साढ़े नौ बजे प्रशासन से गिरफ्तार नेताओं पर लगी धारा 307 को हटाने के आश्वासन पर प्रदर्शनकारी बेरोजगारों के तेवर कुछ नरम पड़े। देहरादून में पुलिस मुख्यालय पहुंचने से पहले ही पुलिस ने कांग्रेस के करीब 200 कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया। सभी को एकता विहार ले जाकर छोड़ दिया गया। प्रदर्शन में शामिल पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत पुलिस के रोकने पर जमीन पर लेट गए। पुलिसकर्मी उन्हें एंबुलेंस में एकता विहार ले गई। उक्रांद युवा प्रकोष्ठ के कार्यकर्ताओं ने भी बेरोजगार युवाओं पर लाठीचार्ज के विरोध में द्रोण चौक पर प्रदर्शन कर राज्य सरकार का पुतला फूंका। प्रदर्शनकारी इसके बाद शहीद स्मारक पहुंचे। जिन्हें पुलिस ने हिरासत में लेने के बाद रेसकोर्स ले जाकर छोड़ दिया।

# कोचिंग सेंटर के संचालक को एसआइटी ने किया गिरफ्तार

## अभ्यर्थियों को 19-19 लाख रुपये में बेचा था पेपर, अन्य संचालक रडार पर

हरिद्वार। राज्य लोक सेवा आयोग की जेई और एई भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक के तार कोचिंग सेंटरों से भी जुड़े पाए गए हैं। इस मामले में रुड़की के एक कोचिंग सेंटर के संचालक को एसआइटी ने गिरफ्तार किया है। आरोपित ने कोचिंग में पढ़ने वाले कई अभ्यर्थियों को 19-19 लाख रुपये में पेपर बेचा था। आरोपित के पास से दो लाख की नकदी के साथ अभ्यर्थियों से गारंटी के तौर पर लिए गए चार ब्लैंक चेक, एलईडी व अन्य सामान बरामद हुआ है। एलईडी उसने धांधली की रकम से खरीदी थी। इस मामले में यह चौथी गिरफ्तारी है। इसके साथ ही पेपर लीक में संलिप्त आरोपितों की संख्या बढ़कर 10 हो गई है। इनमें से नौ सलाखों के पीछे हैं। पांच आरोपित लेखपाल भर्ती का पेपर लीक करने में भी शामिल थे, जिन्हें इस धांधली का राजफाश होने के साथ ही गिरफ्तार कर लिया गया था। एसआइटी का पर्यवेक्षण कर रहे एसएसपी हरिद्वार अजय सिंह ने शुक्रवार को पत्रकारों से वार्ता में बताया कि जेई-एई भर्ती परीक्षा घोटाले में कुछ कोचिंग सेंटर संचालकों की भूमिका होने के सुराग मिले थे। एसआइटी ने इस दिशा में गहनता से छानबीन की तो पता चला कि रुड़की स्थित जीनियस कोचिंग के संचालक विवेक कुमार उर्फ विक्की निवासी ग्राम चुड़ियाला भगवानपुर का भी पेपर लीक में शामिल आरोपितों से गठजोड़ था। इस



आधार पर उसे शुक्रवार को रुड़की से गिरफ्तार कर लिया गया। एसएसपी ने बताया कि विवेक कुमार ने पूर्व में गिरफ्तार किए जा चुके आरोपितों से पेपर लेकर अपनी कोचिंग में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों को उपलब्ध कराया था। इसके लिए प्रति अभ्यर्थी से 19 लाख रुपये वसूले गए। अभ्यर्थियों ने उसे कुछ रकम एडवांस में दी थी और गारंटी के तौर पर ब्लैंक चेक भी दिए। हालांकि, अभी यह पता नहीं चल पाया है कि आरोपित ने कितने अभ्यर्थियों को पेपर बेचा। एसआइटी इसकी जानकारी जुटा रही है। आरोपित द्वारा कोचिंग से बाहर के युवकों को भी पेपर बेचे जाने की आशंका है। आरोपित को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है। पत्रकार वार्ता में एसआइटी प्रभारी रेखा यादव भी उपस्थित रहीं। एसआइटी ने अब तक की छानबीन में भर्ती परीक्षाओं की तैयारी कराने वाले हरिद्वार और देहरादून के कुछ और कोचिंग सेंटरों की भूमिका भी संदिग्ध पाई है। ये कोचिंग सेंटर एसआइटी के रडार पर हैं, इनके बारे में हर जानकारी जुटाई जा रही है। जल्द ही कुछ और कोचिंग सेंटर संचालकों की गिरफ्तारी हो सकती है। नकल करने वाले अभ्यर्थियों पर भी शिकंजा कसने की तैयारी है। इस मामले में कुछ छात्र संगठनों की कुंडली भी खंगाली जा रही है। एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि आरोपित विवेक कुमार के संपर्क में कुछ छात्र संगठन भी थे, जिनकी मदद से परीक्षा निरस्त कराने की कवायद चल रही थी। एई-जेई पेपर लीक मामले में रुडकी के जिस जीनियस कोचिंग सेंटर के मालिक विवेक कुमार को एसआइटी ने गिरफ्तार किया है, उसने 2018 में यूपीसीएल जेई परीक्षा के रिजल्ट में चयनित 250 छात्रों में से 66 छात्रों का चयन कराया था। परीक्षा 2017 के नवंबर में उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने कराई थी। एक कमरे में चलने वाले कोचिंग सेंटर के 66 बच्चों का चयन होने पर आयोग ने इसकी जांच हरिद्वार के तत्कालीन जिलाधिकारी दीपक रावत को सौंपी थी। उस समय कोचिंग सेंटर पर छापा पड़ा था और अन्य आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई होने के बाद भर्ती रद कर दी गई थी, लेकिन विवेक बच गया था।

# बाल कल्याण समिति और चाइल्ड लाइन ने तीन बच्चों को मां से मिलाया

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।कुमाऊं सेवा समिति चाइल्डलाइन द्वारा एक ही घर के नाबालिग तीन बच्चो को बाल कल्याण समिति के आदेशानुसार उनके परिजनों से मिलवाया गया। यह जानकारी देते हुए चाइल्ड लाइन की केंद्र समन्वयक शायरा बानो ने बताया कि गत 9 फरवरी को रेलवे स्टेशन काशीपुर में पिता द्वारा शराब पी कर गाली गलोच करने पर उसके बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए बाल कल्याण समिति मेंबर हरनीत कौर के आदेशानुसार चाइल्ड लाइन में सौंपा गया। तीनो बच्चो की उम्र लगभग 13 वर्ष,11 वर्ष व दो वर्ष है। चाइल्ड



लाइन टीम द्वारा बच्चो से बात करने पर उनके द्वारा बताया गया कि घर की चाबी खो जाने के वजह से पिता शराब पी कर गली गलौच कर रहे थे। चाइल्ड लाइन के केंद्र समन्वयक शायरा बानो ने बच्चों द्वारा बताए गए पता ग्राम विजारखाता थाना स्वार जिला रामपुर के ग्राम प्रधान से लगातार बात कर मां से संपर्क किया। बच्चों का पूर्ण ध्यान रखा गया। 11 फरवरी को चाइल्ड लाइन टीम द्वारा बच्चो व मां को समिति के समक्ष पेश किया गया ।जहां समिति द्वारा बच्चों व उसकी मां की काउंसलिंग कर समस्त दस्तावेजों का सत्यापन कर बच्चों को मां के सुपुर्द किया गया। इस दौरान बाल कल्याण समिति सदस्य पुष्पा पानू , अजय जोशी, हरनीत कौर, विवेक तागरा, चाइल्ड लाइन केंद्र समन्वयक शायरा बानो, टीम मेम्बर नंदिनी वर्मा, अंशुल कपूर, व अभिमन्यु राजभर आदि उपस्थित रहे।

# व्यापारियों ने फूंका जिला विकास प्राधिकरण का पुतला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।जिला विकास प्राधिकरण कार्यालय में व्यापारियों और आम जनता को बेवजह परेशान करने से रोषित प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल महानगर इकाई ने जोरदार नारेबाजी के साथ डी डी चौक पर विकास प्राधिकरण का पुतला जलाकर गुस्से का इजहार किया। व्यापारियों ने कहा कि विकास प्राधिकरण की मनमानी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नही की जायेगी। शीघ्र ही मुख्यमंत्री के रुद्रपुर आगमन पर प्राधिकरण की करतूतों से अवगत करवाया जायेगा। इससे पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा और महामंत्री हरीश अरोरा के नेतृत्व में दर्जनों व्यापारी काशीपुर बायपास स्थित मार्ग पर एकत्र हुए। गुस्साए व्यापारियों ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए जिला विकास प्राधिकरण का पुतला फूंका। व्यापारियों ने आरोप लगाया कि जिला विकास प्राधिकरण लोगों को परेशान करने के लिए बनाया गया है। आम जनता व व्यापारियों को वर्षो पुराने बने भवनों को नोटिस जारी करके ऑफिस के चक्कर लगाने के लिए मजबूर किया जा रहा है। जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लोगो



को नक्शे स्वीकृत करवाने के लिए एडी चोटी का जोर लगाना पड़ रहा है।कार्यालय में नोटिसों के निस्तारण के लिए तारीख पर तारीख देकर मानसिक उत्पीड़न किया जा रहा है। व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा ने कहा कि वर्ष 1998 से नगर पालिका से लेकर आज तक जो भी नोटिस का निस्तारण नहीं हुआ है उन सभी नोटिसों को जिला विकास प्राधिकरण संज्ञान में लेकर व्यापारियों व आम जनता को परेशान करने पर लगा हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि पुराने भवनों व व्यापारिक प्रतिष्ठानों में किसी भी तरह का मरम्मत कार्य कराए जाने पर भी विकास प्राधिकरण द्वारा नोटिस देकर कार्यालय के चक्कर काटने पर मजबूर किया जा रहा है। साथ ही प्राधिकरण द्वारा भवनों को सीज की धमकी दी जा रही है। जिससे यह साबित होता है कि जिला विकास प्राधिकरण लोगों को परेशान करने के लिए बनाया गया है। इससे पूर्व हंगामेदार सभा में गुस्साए व्यापारियों ने जिला विकास प्राधिकरण का पुतला फूंका साथ ही यह भी ऐलान किया कि शीघ्र ही मुख्यमंत्री के रुद्रपुर आगमन पर व्यापारियों का प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री को जिला विकास प्राधिकरण की करतूतों के बारे में अवगत करवाएगा।इस मौके पर व्यापार मंडल महामंत्री हरीश अरोरा,जिला मंत्री राजकुमार सीकरी,युवा व्यापार मंडल महामंत्री पवन गाबा पल्ली,विजय फुटेला, दीपक गुगलानी, सुनील आर्य, बाबू खान, पारस अरोरा, संजू मुटनेजा, चंदर कटारिया, मनीष गोस्वामी, पंकज सुखीजा, सागर छाबड़ा, सुनील जड़वानी, सचिन अरोरा, गौरव गांधी, सोनू चावला, सतीश राजपूत, बाबू विश्वकर्मा, अशोक सीकरी, निप्पन बर्मन सहित अनेकों व्यापारी मौजूद थे।

# डबल मर्डर का पुलिस ने किया खुलासा, बिहारी मजदूर गिरफ्तार

गरुड़(उद संवाददाता)। गरुड के पिंगलो क्षेत्र में हुए डबल मर्डर का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सीओ ऑपरेशन अंकित कंडारी ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि पर्याप्त साक्ष्यो के आधार पर अभियुक्त को गुड़गांव से गिरफ्तार कर लाया गया। जिसके द्वारा पूछताछ में महिला व बालक की हत्या करने का जुर्म कबूला गया। पुलिस ने बताया कि अभियुक्त मुन्ना महतो पुत्र इंद्रजीत महतो निवासी बिहार ने महिला कुमकुम पत्नी राजू निवासी बिहार व बालक उत्तम पुत्र राजू निवासी बिहार को गुड़गांव से मारने के उद्देश्य से गरुड के पिंगलो क्षेत्र में लाया। जहां उसने पहले कुमकुम की रस्सी से गला दबाकर हत्या की। हत्या के बाद बालक उत्तम द्वारा अपनी मां को मारे जाने पर शोर मचाना शुरु कर दिया। जिसपर अभियुक्त मुन्ना द्वारा बच्चे को भी खेत किनारे लाकर मौत के घाट उतार दिया।



पुलिस द्वारा अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जा रहा है।थानाध्यक्ष बैजनाथ कैलाश सिंह बिष्ट के नेतृत्व में थाना बैजनाथ सायबर क्राइम की टीम,व एसओजी टीम ने मर्डर केस का बारीकी से जांच पड़ताल की,जिसके बाद हत्या की घटना में प्रेम प्रसंग के चलते हत्या होना सामने आया। इधर पुलिस उपाधीक्षक अंकित कंडारी और पुलिस उपाधीक्षक शिवराज सिंह राणा ने मामले का खुलासा किया। वही हत्या में इस प्रकार बाहरी क्षेत्र से पहाड़ की शांत वादियों में डबल मर्डर केस सर सनसनी फैल गई थी, जिसके बाद पुलिस पर घटना के जल्द खुलासे का दबाव भी था।खुलासा करते हुए सीओ अंकित कंडारी ने बताया कि पुलिस ने विभिन्न टीमों का गठन कर हत्याकांड का खुलासा किया है। वही एसपी हिमांशु वर्मा ने पुलिस टीम को 15 हजार जबकि आईजी द्वारा 25 हजार इनाम देने की घोषणा की गई है ,गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष बैजनाथ कैलाश सिंह बिष्ट,एसएसआई प्रह्लाद सिंह,एसओजी प्रभारी एसआई कुंदन सिंह रौतेला आरक्षी प्रदीप कोनिया जीवन पांडे, बैजनाथ,जीवन पांडे राजेश भट्ट ,आदि मौजूद थे।

## पेज एक का शेष...

**स्कार्पियो बारात में घुसी...**यात्रियों की बस अनियंत्रित होकर सड़क से खड्ड की ओर उतर गई। सूचना मिलते ही कोटद्वार कोतवाली के साथ ही नजीबाबाद कोतवाली से भी पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंच गई। देर रात घायलों को कोटद्वार के बेस चिकित्सालय लाया गया। कोतवाली प्रभारी मणिभूषण श्रीवास्तव ने बताया कि बस में 25 यात्री सवार थे। इनमें से 10 को प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सालय से छुट्टी दे दी गई। ललित और श्रीराम का अभी अस्पताल में उपचार चल रहा है।

**दूल्हा दूल्हन की कार...**को पटियाला गई थी। शादी के बाद शुक्रवार बारात वापस देहरादून के लिए चली। दूल्हा सिद्धार्थ, दुल्हन रूहानी, पंडित संदीप रतूड़ी व दूल्हे का भाई मनोज नवानी कार से आ रहे थे, जबकि बाकी बराती पीछे बस से आ रहे थे। कार मनोज चला रहा था। आशारोड़ी चेकपोस्ट से 200 मीटर पहले कार ने देहरादून से जा रहे बाइक सवारों को टक्कर मारकर कुचल दिया। टक्कर लगने के बाद दोनों वाहन सड़क से नीचे खड्डे में गिर गए। दुर्घटना में बाइक सवार शाहबाज और उनकी मां रानी निवासी काजीपुरा, नवादा रोड जिला- सहारनपुर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कार सवार चारों लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस सभी को दून अस्पताल ले गई, जहां चिकित्सकों ने शाहबाज व रानी को मृत घोषित कर दिया। प्राथमिक जांच में कार चालक का नींद की झपकी आना हादसे का कारण बताया जा रहा है।

**सीएम से वार्ता के बाद...**पूर्ण कर ली गई हैं। अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र तक आने-जाने के लिए निःशुल्क परिवहन की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। कल की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले सभी अभ्यर्थियों के उज्वल भविष्य के लिए मेरी हार्दिक शुभकामनाएं। बता दें 12 फरवरी को होने जा रही पटवारी-लेखपाल परीक्षा व अन्य सभी भर्ती परीक्षाएं नए कानून के तहत ही आयोजित होंगी। देर शाम सरकार ने जारी बयान में कहा कि बेरोजगार संघ की मांगों पर सहमति बन गई है। सरकार ने कहा सीबीआई जांच की मांग को उत्तराखंड हाईकोर्ट अस्वीकार कर चुका है। हाईकोर्ट कह चुका है कि जांच सही दिशा में चल रही है, इसलिए इस प्रकरण की सीबीआई जांच नहीं कराई जा सकती। कहा गया कि आंदोलनकारी युवाओं की मांग थी कि पटवारी भर्ती का प्रश्नपत्र बदला जाए। आयोग पहले ही पुराने प्रश्नपत्र रद्द कर नए प्रश्नपत्र तैयार कर चुका है। नकलरोधी कानून भी लागू हो गया है और परीक्षा नियंत्रक को भी हटाया जा चुका है। इसलिए अब आंदोलन का कोई औचित्य नहीं।

**महिलाकर्मी पोर्न ...**करने की धमकी दी जाती है। इससे तंग आकर उसके पति ने तनाव में आत्महत्या करने की कोशिश की। महिला कर्मी और उसके साथियों से बार-बार धमकी मिल रही है। इससे उनका परिवार दहशत में है। महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी महिला कर्मी और उसके अन्य साथियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# बेरोजगारों पर हुए लाठीचार्ज की निंदा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।छात्र संगठन आइसा ने देहरादून में युवा बेरोजगारों पर हुए बर्बर लाठीचार्ज की निंदा करते हुए उसकी नैतिक जिम्मेदारी स्वीकार करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से त्यागपत्र और राज्य बनने के बाद से अब तक हुई सभी भर्तियों की जांच की मांग की है। आइसा के नैनीताल जिला संयोजक धीरज कुमार ने बयान जारी कर कहा कि प्रदेश में एक के बाद एक हो रहे भर्ती घोटालों की सीबीआई जांच की मांग कर रहे युवा बेरोजगारों पर लाठीचार्ज ने भाजपा सरकार की बेरोजगारों के प्रति मानसिकता को उजागर कर दिया है। उन्होंने कहा कि युवा दिन रात मेहनत कर परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं और उन पर लगातार घोटालों की मार पड़ रही है। अब युवाओं पर घोटालों के साथ लाठीचार्ज की मार भी पड़ रही है। युवाओं के साथ इस सरकार का यह सलूक तानाशाही पूर्ण है। धीरज ने कहा कि यह सरकार भर्ती घोटालों को रोकने और युवाओं को न्याय देने में असमर्थ है। घोटालों को रोकने में असफलता और युवाओं पर हुए लाठीचार्ज की जिम्मेदारी लेते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को तत्काल इस्तीफा देना चाहिए। और राज्य बनने के बाद से अब तक सभी भर्तियों की सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश की देखरेख में जांच की जानी चाहिए।

# प्रदेश सरकार बेरोजगार युवाओं के साथ खिलवाड़ कर रही : मतीन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। सपा प्रदेश प्रभारी हाजी अब्दुल मतीन सिद्दीकी ने देहरादून में छात्रों पर हुए लाठी चार्ज की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार बेरोजगार युवाओं के साथ खिलवाड़ कर रही है। बेरोजगार युवाओं पर लाठी चार्ज लोकतंत्र की हत्या है। श्री सिद्दीकी ने कहा राज्य में एक के बाद एक भ्रष्टाचार व घोटाले हो रहे हैं। युवा पेपर लीक कांड को लेकर अपने भविष्य के लिए चिंतित हैं। जिसके लिये वह काफी समय से धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। जिस प्रकार से सरकार के इशारे पर पुलिस ने निर्दोष युवा बेरोजगारो पर लाठी चार्ज किया है। यह उत्तराखण्ड के इतिहास में काले अक्षरों में लिखा जाएगा। श्री सिद्दीकघी ने कहा बेरोजगार युवाओ की समस्त जायज मागों का सपा पूर्ण समर्थन करती है और आवश्यकता पड़ी तो सपा बेरोजगार युवाओ के साथ कंधे से कंधा मिलाकर संघर्ष करने से भी पीछे नहीं हटेगी।श्री सिद्दीकी ने कहा जबसे प्रदेश में डबल इंजन की सरकार आई है तब से रोज-रोज के घोटालों से आम जनता व बेरोजगार युवा परेशान एवं चिन्तित हैं।श्री सिद्दीकी ने कहा या तो प्रदेश सरकार सभी घोटालों की सीबीआई जाँच कराये या फिर समस्त भ्रष्टाचारों को स्वीकारते हुए नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दे देना चाहिये।

# शिव सेना ने फूंका सरकार का पुतला

देहरादून (उद संवाददाता)। बेरोजगार युवाओं पर देहरादून में हुए लाठीचार्ज के विरोध में शिव सेना से जुड़े शिव सैनिकों ने प्रदेश प्रमुख गौरव कुमार के नेतृत्व मे गोविंद गढ़ स्थित शिव सेना उत्तराखंड मुख्यालय के निकट उत्तराखंड राज्य सरकार के विरुद्ध अक्रामक नारे बाजी करते हुये सरकार का पुतला फूंका। इस अवसर पर शिव सैनिकों की सभा को सम्बोधित करते हुये प्रदेश प्रमुख गौरव कुमार ने कहा की देहरादून में भर्ती घोटालों की जांच की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे बेरोजगार युवाओं पर राज्य सरकार के इशारे पर पुलिस द्वारा किये गये बर्बर लाठीचार्ज की शिव सेना कड़े शब्दों में निंदा करती है। गौरव कुमार ने कहा कि भाजपा सरकार न्याय की मांग करने पर राज्य के बेरोजगारों पर लाठी डंडे बरसा रही है जो कठोर निंदनीय है। उन्होंने कहा कि भाजपा शासन में जिस प्रकार हिटलरशाही देखने को मिल रही है वैसी हिटलरशाही अंग्रेजों के शासन में भी नहीं सुनी गई थी। भ्रष्ट भाजपा सरकार के राज में अपना अधिकार और न्याय मांगने पर बेरोजगारों पर लाठी बरसाना मानवता को शर्मसार करने जैसी घटना है। गौरव कुमार ने कहा कि बेरोजगारों के इस न्यायोचित मांग के लिए शिव सेना राज्य के बेरोजगार नौजवानों के साथ खडी है। पुतला फूकने वालो मे मुख्य रूप से उत्तराखंड प्रमुख गौरव कुमार, अमित कर्णवाल, शिवम गोयल, विकास मल्होत्रा, वासु परविन्दा,हर्षित, रोहित बेदी, उमेश सिह, पंकज तायल, विकास मल्होत्रा, अमित करनवाल, शिवम् गोयल,जितेंद्र निर्वाल, विकास सिंह, रोहित शाह, मनिंदर सिंह, हेमराज सिंह, मनीष राणा , हर्ष सिंहल, मौजूद रहे।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# उत्तराखंड में गैरजमानती नकल विरोधी कानून लागू

## आजीवन कैद की सजा और 10 करोड़ जुर्माने का सख्त प्रावधान
## नकल करते पकड़े जाने पर 10 वर्ष की सजा,10 लाख रुपये जुर्माना

देहरादून। उत्तराखंड में पहली बार देश का सबसे कठोर नकल विरोधी कानून लागू हो गया। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने शुक्रवार को उत्तराखंड प्रतियोगी परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम व निवारण के उपाय) अध्यादेश, 2023 पर मुहर लगा दी। बेरोजगार युवाओं के उज्जवल भविष्य और पारदर्शी भर्ती परीक्षाओं के लिये मुख्यमंत्री धामी के अनुमोदन पर देर रात राजभवन ने 24 घंटे के भीतर अध्यादेश को मंजूरी दे दी है। भर्ती परीक्षाओं में शुचिता और निष्पक्षता को लेकर सरकार संकल्पबद्ध है। अब भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक, नकल कराने या अनुचित साधनों में लिप्त पाए जाने पर आजीवन कारावास की सजा मिलेगी। साथ में 10 करोड़ रुपये तक जुर्माना भी देना पड़ेगा। इस गैर जमानती अपराध में दोषियों की संपत्ति जब्त कर ली जाएगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भर्ती परीक्षाओं में गड़बड़ी का सिलसिला जारी रहने से उद्वेलित युवाओं को आश्वस्त करते हुए नकल विरोधी अध्यादेश को बीते दिन स्वीकृति देकर राजभवन भिजवाया था। शुक्रवार को मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि अब होने वाली भर्ती परीक्षाएं इसी अध्यादेश के अंतर्गत होंगी। दरअसल अध्यादेश लागू होने की तिथि से ही प्रभावी होगा। अध्यादेश में संगठित



होकर नकल कराने और अनुचित साधनों में लिप्त पाए जाने वाले मामलों में आजीवन कैद की सजा तथा 10 करोड़ रुपये तक के जुर्माने का प्रविधान है। इसके साथ ही आरोपियों की संपत्ति भी जब्त करने की व्यवस्था इसमें की गई है। इसके अंतर्गत अपराध संज्ञेय, गैरजमानती और अशमनीय होगा। यदि कोई अभ्यर्थी भर्ती परीक्षा में स्वयं नकल करते अथवा नकल कराते हुए अनुचित साधनों में लिप्त पाया जाता है तो ऐसे मामलों में तीन साल की सजा और न्यूनतम पांच लाख जुर्माने का प्रविधान किया गया है। दूसरी बार भी यदि वही अभ्यर्थी अन्य प्रतियोगी परीक्षा में फिर दोषी पाया जाता है तो उसे न्यूनतम 10 वर्ष की सजा और न्यूनतम 10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। भर्ती परीक्षा में यदि कोई व्यक्ति, प्रिंटिंग प्रेस, सेवा प्रदाता संस्था, प्रबंध तंत्र, कोचिंग संस्थान आदि अनुचित साधनों में लिप्त पाए जाते हैं तो उन्हें आजीवन कारावास की सजा और 10 करोड़ रुपये का जुर्माना होगा। अभ्यर्थी के नकल करते पाए जाने पर आरोप पत्र दाखिल होने की तिथि से दो से पांच वर्ष के लिए निलंबित किया जाएगा। दोष साबित होने पर उसे 10 वर्ष के लिए सभी परीक्षा देने से निलंबित कर दिया जाएगा। दोबारा नकल करते पाए जाने पर आरोप पत्र दाखिल करने से पांच से 10 साल के लिए निलंबित किया जाएगा। दोष साबित होने पर उसे आजीवन सभी प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल नहीं होने दिया जाएगा।

## युवाओं को अब परीक्षाओं की तैयारी में निश्चित होकर जुटना चाहिए : धामी

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड ने देश का सबसे सख्त नकल विरोधी कानून लागू कर दिया है। अध्यादेश को स्वीकृति देने के लिए माननीय राज्यपाल का आभार जताते हुए युवाओं से परीक्षाओं की तैयारी में जुटने की अपील की है। भर्ती परीक्षाओं में गड़बड़ी करने वाले किसी भी हालत में बच नहीं सकेंगे। युवाओं को अब परीक्षाओं की तैयारी में निश्चिंत होकर जुटना चाहिए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रदेश में अब जितनी भी भर्ती परीक्षाएं होंगी उन सभी में नया नकल विरोधी कानून लागू होगा। इस कानून में जुर्माने और सजा का बहुत कठोर प्रावधान किया गया है। पथराव व लाठीचार्ज की घटना पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि कुछ राजनीतिक दल छात्र-छात्राओं के कंधे पर बंदूक रखकर अपना मकसद पूरा करना चाहते हैं। जो लोग छात्रों के बीच पहुंचकर हिंसात्मक माहौल बनाने की कोशिश की, प्रशासन उनकी पहचान करेगा। मुख्यमंत्री धामी ने शुक्रवार को सचिवालय में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि हम किसी भी कीमत पर छात्रों का हित चाहते हैं। इसीलिए जिन भी परीक्षाओं में गड़बड़ियां पाई गईं, राज्य सरकार ने उन्हें तत्काल रद्द कर दिया और नई तिथि घोषित की। अभ्यर्थियों को असुविधा न हो, इसके लिए उत्तराखंड परिवहन निगम की बसों में परीक्षा के लिए आने पर निशुल्क व्यवस्था की। परीक्षा शुल्क भी नहीं लिया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि नकल अध्यादेश को लेकर हमने कहा था कि इसे हम जरूर लेकर आएंगे, लेकिन किन्हीं कारणों से कैबिनेट बैठक होने में देरी हो गई। कैबिनेट बैठक न होने के बावजूद हमने नकल विरोधी अध्यादेश



को विचलन से राज्यपाल को भेज दिया है। यह भी तय कर दिया है कि अब जितनी भी परीक्षाएं होंगी, उन सभी में कानून लागू होगा। सबसे सख्त कानून जो हो सकता है, वो हमने बनाने का काम किया है। इस कानून के तहत आजीवन कारावास तक की सजा के अलावा दस करोड़ रुपये तक के जुर्माने के सख्त प्रावधान किए गए हैं। सीएम ने कहा कि कुछ राजनीतिक दल देश और उत्तराखंड में अपनी जमीन खो चुके हैं। वे छात्र-छात्राओं के कंधों पर बंदूक रखकर ऐसा काम कर रहे हैं। वे छात्रों के रूप में उनके बीच में आ गए और आंदोलन को हिंसात्मक बनाने की दिशा में ले गए। यह दुर्भाग्यपूर्ण है।

## कृषि एवं सांस्कृतिक महोत्सव का शुभारंभ

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। कुमाऊं एवं गढ़वाल की मिश्रित संस्कृति के लिए प्रसिद्ध गेवाड़ घाटी चौखुटिया में अग्नेरी मंदिर के प्रांगण में तीन दिवसीय कृषि एवं सांस्कृतिक महोत्सव का शुभारंभ धूमधाम से हुआ। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक झॉंकिया प्रस्तुत की गयी साथ ही स्थानीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा पर्यावरण संरक्षण, पर्यावरण महत्व, वन संरक्षण समृद्ध संस्कृति, स्थानीय उत्पादों, मॉं नन्दादेवी डोला सहित अन्य कार्यक्रमों की झॉंकी भी प्रस्तुत की गईइस दौरान स्थानीय विधायक मदन सिंह बिष्ट ने आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने इस आयोजन के लिए सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की। साथ ही उन्होंने आयोजन में आए लोगों से अपील की है कि यहां लगे विभागीय स्टालों के माध्यम से अधिक से अधिक लाभ उठाएं। इस कार्यक्रम में महिला मंगल दलों एवं लोक स्टालों से लोगों ने लाभ उठाया। होम्योपैथी विभाग के स्टाल से 110 लोगों को दवाएं दी गई, समाज कल्याण विभाग के माध्यम से 5 दिव्यांगो को सहायक उपकरण दिए गए, आयुर्वेद विभाग द्वारा 71 लोगों को दवाएं दी गई। आपूर्ति विभाग ने 5 लोगों के बीपीएल





मदन सिंह बिष्ट ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख किरन बिष्ट ने की। इस तीन दिवसीय कृषि एवं सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन नगर पंचायत चौखुटिया के सहयोग से गेवाड़ कृषि एवं सांस्कृतिक महोत्सव समिति द्वारा किया जा रहा हैइस महोत्सव में विभिन्न विभागों द्वारा भव्य कहा कि इस तरह के आयोजन से स्थानीय संस्कृति के संरक्षण को बढ़ावा मिलता है तथा लोगों को अपनी संस्कृति को करीब से देखने का अवसर मिलता है। उन्होंने इसके लिए समस्त क्षेत्रवासियों को शुभकामनाएं दी।जिलाधिकारी वंदना ने कहा कि गेवाड घाटी में इस तरह का यह पहला कलाकारों ने अपनी सुंदर सुंदर प्रस्तुतियां देकर सबको मंत्रमुग्ध किया।झांकियों में विकासखंड द्वाराहाट के टोढरा निवासी पूर्ण चंद्र भट्ट द्वारा उगाई गई 8 किलो की मूली तथा चौखुटिया ब्लॉक के खजूरानी निवासी यशवंत सिंह रौतेला द्वारा उगाई गई 7.5 किलो की गडेरी आकर्षण का केंद्र रही।विभागीय प्रमाण पत्र बनाए, समाज कल्याण विभाग के माध्यम से 16 लोगों की पेंशन लगाई गई।इस कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख किरन बिष्ट, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कांता रावत, मुख्य विकासअधिकारी अंशुल सिंह, उपजिलाधिकारी जय वर्धन शर्मा समेत अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

## लाठीचार्ज के विरोध में भाजपा सरकार का पुतला दहन किया

गदरपुर(उद संवाददाता)। देहरादून में गांधी पार्क में प्रदर्शन करते हुए सैकड़ों बेरोजगार युवाओं पर हुए लाठीचार्ज एवं उत्पीड़न की आँच गदरपुर क्षेत्र में भी देखने को मिली। शुक्रवार को पूर्व विधायक प्रेमानंद महाजन के आह्वान पर युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष सुमित सिंह के नेतृत्व में बेरोजगारों ने मुख्य मार्ग पर थाना गेट पर प्रदेश की भाजपा सरकार एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का पुतला फूंक कर



आक्रोश जताते हुए मुख्यमंत्री के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने कहा कि सरकार पहले पूर्व में हुए मामलो की सीबीआई जांच करा लें उसके बाद परीक्षा करायें। कार्यकताओं ने कहा जिस तरीके से बेरोजगार नकल कानून बनाने की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे उन पर लाठीचार्ज करना कहीं ना कहीं बेरोजगारों की आवाज को दबाने का काम सरकार द्वारा किया जा रहा है। इन बेरोजगारों की आवाज पूरे उत्तराखंड में गूंजेगी। प्रदर्शन करने वालों में प्रेमानंद महाजन, सुमित सिंह,सिद्धार्थ भुसरी,मन्नू चौधरी सहित तमाम युवा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## कार्तिक ने 97.721 प्रतिशत अंकों के साथ पास की जेईई परीक्षा

किच्छा(उद संवाददाता)।लालपुर निवासी नित्यानंद पालीवाल के पुत्र कार्तिक पालीवाल ने राजस्थान कोटा से जेईई परीक्षा 2023 में 97.721 परसेंटाइल से पास की है। जिस पर किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़ ने कार्तिक पालीवाल, तथा



उनके पिता नित्यानन्द तथा माता मीना पालीवाल जी को बधाई दी।कार्तिक पालीवाल ने बताया कि उन्होंने रुद्रपुर जेसीज पब्लिक स्कूल से हाई स्कूल पास किया है, जेईई मेन कोर्स में उन्होंहे 97.721 परसेंटाइल से पास की है वह अपनी सफलता का श्रेह अपने माता-पिता को देते है। बधाई देने वालों में विधायक तिलकराज बेहड़, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष गुड्डू तिवारी, कांग्रेस किच्छा नगर अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, विधायक प्रतिनिधि गौरव बेहड , किच्छा नगर पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली, राजेश प्रताप सिंह, किच्छा महिला नगर कांग्रेस अध्यक्ष सुनीता कश्यप, अशोक चुग, गोल्डी मुंजाल, गुरदास कालरा, रंजीत सिंह, अजीत सचदेवा, अशोक कुमार बिष्ट, चंदन पांडे , जीवन जोशी, ओमप्रकाश दुआ, परमजीत सिंह पम्मी, राकेश खुराना, मेजर सिंह, विनोद ठुकराल, अजय खुराना, धर्मेंद्र सिंधी ,गुलशन सिंधी आदि शामिल हैं।

## भाजपा के नवनियुक्त पदाधिकारियों का किया स्वागत

किच्छा(उद संवाददाता)।पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने अपने आवास पर भारतीय जनता पार्टी किच्छा नगर मंडल के सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का फूल माला पहनाकर एवं अंग वस्त्र भेंट कर कार्यकर्ताओं के साथ जोरदार स्वागत किया। स्वागत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी पार्टी में प्रत्येक कार्यकर्ता का सम्मान होता है। भाजपा गांव, गरीब, वंचित, पीड़ित, शोषित, दलित, महिला, युवा, किसान सबके लिए बरहो महीने काम करने वाली पार्टी है। कहा कि आगामी चुनाव को मद्देनजर रखते हुए पार्टी ने मनमोहन सक्सेना के नेतृत्व में किच्छा नगर की नई कार्यकारिणी मे जिन कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी है बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत करने के लिए अधिक से अधिक नए कार्यकर्ताओं को जोडे। कहा कि सभी कार्यकर्ता आपस के मतभेद को भुलाकर पार्टी को मजबूती के लिए मंडल अध्यक्ष राकेश गुप्ता, प्रकाश पंत, नितेश वाला, श्रीमती संगीता शर्मा, मंत्री गिरीश वर्मा, अंशुल गंगवार, ज्योति जरिया, पूरन चंद भट्ट, शोभित शर्मा, कोषाध्यक्ष



मनमोहन सक्सेना के साथ मिलकर कार्य करें जिसका लाभ आगामी चुनाव में पार्टी को मिल सके। नई कार्यकारिणी में मंडल अध्यक्ष मनमोहन सक्सेना, महामंत्री गोल्डी गोराया, मुकेश कोली, उपाध्यक्ष रामअवतार अग्रवाल, मीडिया प्रभारी चंदन जयसवाल, आईटी संयोजक नितिन चरण, सोशल मीडिया संयोजक प्रहलाद खुराना का कार्यकर्ताओं के साथ पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने माला पहनाकर एवं शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। स्वागत कार्यक्रम में कुंदन लाल खुराना, धर्म राज जायसवाल, विवेक राय, कमलेंद्र सेमवाल, लता सिंह, संदीप अरोरा, धीरेन्द्र प्रताप सिंह, धनीराम, सुभाष तनेजा, सुरेंद्र चौधरी, राजीव सक्सेना, सचिन सक्सेना, सचिन चरण, सुरेंद्र सिंह भुल्लर , भूपेंद्र पाठक, राकेश कश्यप, महेंद्र ठाकुर, नंद लाल प्रजापति, मोहन सिंह एरी, राजेश कुमार कोली, नीरज, रितिक कश्यप, लता सिंह, आरती दुबे, जैसलमेरी देवी, प्रकाश अरोरा ,नंद लाल यादव ,आशीष तिवारी, उमेश पाल ,हीरा प्रजापति ,महेंद्र पाल, राजेश गोली ,सेल शुक्ला, मधु गुप्ता, बलकेश चौधरी, इंदु शर्मा , अंजनी सोनी,इंदु शर्मा समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## भाजपा दक्षिणी मण्डल की कार्यकारिणी घोषित

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। भाजपा दक्षिणी मण्डल अध्यक्ष धर्म सिंह कोली ने जिलाध्यक्ष कमल जिंदल की सहमति के पश्चात मण्डल की कार्यकारिणी घोषित कर दी है। मण्डल कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष महेन्द्री शर्मा, सुरेश शर्मा, गीता भारद्वाज, और संतोष पाल को बनाया गया है। जबकि संदीप अनेजा 'सोनू' और सुनील ठुकराल को बनाया गया है। मंत्री पद के लिए रवि पाल, अमनदीप विर्क, सुदामा कोली, प्रीति धीर, और सुभाष यादव के नाम घोषित किये गये हैं कोषाध्यक्ष राजन राठौर, धर्मेन्द्र आर्या मीडिया प्रभारी, अर्पित सिंह आईटी संयोजक और सोशल मीडिया संजोजक देव शर्मा बनाये गये हैं।

## गदरपुर में देहरादून जाने वाले निजी वाहनों की हुई चैकिंग

गददरपुर (उद संवाददाता)।सब इंस्पेक्टर महतोष पुलिस चौकी ने सुबह 9बजे के बाद देहरादून जाने वाले वाहनों की चेकिंग की। सब इंस्पेक्टर ओमप्रकाश ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों से मिले आदेश के बाद देहरादून जाने वाले वाहनों की चेकिंग की जा रही है क्योंकि ऐसी आशंका है कि देहरादून में कानून और व्यवस्था की स्थिति बिगड़ने की आशंका है और कुछ लोग विरोध प्रदर्शन में प्रतिभाग करने जा सकते हैं इसलिए वाहनों की चेकिंग की जा रही है सब इंस्पेक्टर ओम प्रकाश ने बताया कि रोडवेज बसों प्राइवेट बसों और निजी वाहनों से भी जाने वाले लोगों की चेकिंग की जा रही है।